सुरक्षा की बात कर रहें हैं तो हमें कहने में कोई वो नहीं है कि आने वाले समय में उद्योग यहां के लोगों को रोजगार नहीं देंगे, पर्यावरण की ठीक से निगरानी नहीं करेंग, जंगलों में फ्लाई ऐश फेकेंगे तो शायद छत्तीसगढ़ का रायगढ़ जिला वो होगा जहां सबसे बड़ी पर्यावरणीय क्रान्ति होगी और उस क्रान्ति का परिणाम उद्योगों को भोगना पड़ेगा देखना पड़ेगा तो जरूरत इस बात की है कि अब यहां के लोगों का आने वाले समय में लगभग 40–45 लाख मीलियन मीट्रिक टन यहां फ्लाई ऐश निकल रहा है। जिन रास्तों से मैं आ रहा हूं सर तराईमाल के अंदर केलों नदी के किनारे चलिये कंपनियां फ्लाई ऐश जंगल में डाल रहें है, बरसात में पानी बहकर वो केलो नदी में जा रहा है। लगभग साढ़े 04 05 लाख लोग रायगढ़ के और रायगढ़ के आस–पास के लोग उस पानी को पीते हैं। तो इ समंच के माध्यम से मैं कहना चाहता हूं कि आप उद्योग चलाईये उद्योग का विस्तार कीजिये परन्तु जो पर्यावरण के मापदण्ड हैं उद्योग से निकलने वाली फ्लाई ऐश के लिये पहली कंडिशन है कि आपके यहां ऐश डाईक बनना चाहिये, 30–32 उद्योग बिजली उत्पन्न करते हैं रायगढ़ जिले में केवल 04 उद्योग के पास ऐश डाईक हैं जो अपना फ्लाई ऐश रखते हैं। हमारे कंपनी बोलते हैं 98 प्रतिशत फ्लाई ऐश का निस्तारण हो गया। कंपनियां ये भी बोलतीं हैं कि हम फ्लाई ऐश से ईंट बनायेंगे, सीमेंट बनायेंगे परन्तु रायगढ़ जिले में ईंट का कोई उद्योग स्थापित नहीं हुआ, सीमेंट बनाने का एकमात्र जिंदल का प्लांट है तो खुले जितना सीमेंट बनाने के लिये उनको जितना फ्लाई ऐश चाहिये उससे हजार गुना ज्यादा उनका खुद का पैदावार है। अभी गुढ़ेली के ऊपर जैसे 19 लाख का जुर्माना हुआ है तो सर मैं यही कहना चाहता हूं कि यह वैसे ही है जैसे संबल की चारी और सुई का दान करना। हजार करोड़ उस फ्लाई ऐश के धुनाई और निस्तारण में खर्चा होना चाहिये तो उसने अपना हजारों लाखों टन फ्लाई ऐश को ठिकाने लगा लिया उसके ऊपर आपने जुर्माना कितने का किया 19 लाख रूपये का जैसे वन विभाग जंगल के पेड़ों पर करता हैं जुर्माना 40 रूपये उसके नर्सरी में लगाने के लिये जो पौधे मिलते हैं वो खुद 50, 75, 80 रूपये के होते हैं तो नर्सरी का जो पौधा है उसकी कीमत ज्यादा है जो जंगल में तंदरूस्त पेड़ है उनकी कीमत कम हैं, तो इन सब चीजों को हमें देखना पड़ेगा। मैं सम्मानिय मंच और सभी साथियों का बहुत बहुत धन्यवाद करता हूं। जय हिन्द, जय भारत, जय छत्तीसगढ़।

753. गीमा, गेरवानी– मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

754. सपना – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

755. राधा– मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

756. भानुमति– मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

757. मनी राम– मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

758. रामसिंह, गेरवानी– मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

759. राधे श्याम शर्मा, जन जागरण मंच, रायगढ़ – जन सुनवाई की प्रक्रिया से संबंधित बाते हमारे कई विद्वान साथी रखते हैं और उसका परिणाम बहुत धीरे और उसका मात्रा कम होता है। जिले में जिला प्रशासन है और जिला प्रशासन इन जनसुनवाईयों को संपन्न कर रही है यह लगभग 26 वां जनसुवाई है विगत नवम्बर से लेकर अभी तक जनसुनवाई का जो प्रक्रिया है वो जनमत संग्रह का है। लोकतंत्र में जनमत संग्रह का बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है। मै पीठासीन अधिकारी महोदय से यह जानना चाहता हूं कि नवम्बर से लेकर अभी तक जितने जनसुनवाईयां हुई है उसमें से कितने उद्योगों को केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से अनुमति मिल चुकी है। वो अनुमति प्राप्त करने में समर्थ हो गये हैं वो कितने उद्योग हैं क्योंकि अगर जनसुनवाईयों का प्रकाशन समाचार पत्रों में किया जाता है तो निश्चित रूप से जनता का अभिमत दर्ज करवाने के लिये वो पालन किया जाता है और उसका परिणाम अगर जनता नहीं देखती है तो वह पूर्ण रूप से अधूरा है। मैं इस बिन्दु पर बल देना चाहता हूं कि जब जनसुनवाईयों संपन्न हो जात है केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से जब उन्हे एन.ओ.सी. मिलता है वो भी जिला प्रशासन, पर्यावरण का दायित्व बनता है उस एन.ओ.सी. को वहां से निरस्त की जाती है उसकी जानकारी जनता में सामाचार पत्रों के प्रकाशन से दिया जाना चाहिये वो नहीं दिया जा रहा है। लोकतंत्र में अगर जनमत संग्रह के परिणाम से अगर जनता वाकिफ नहीं है तो यह प्रक्रिया पूर्ण रूप से अधूरी है क्यों कि हर जनता नेट व साईट से जानकारी नहीं ले पाता कि उसको अनापत्ति मिल गई की उसका आवेदन खारिज कर दिया गया। जनता को परिणाम की जानकारी नहीं है तो वे अगले चरण की लड़ाई कैसे लड़ेगा इसलिये केन्द्रीय वन पर्यावरण मंत्रालय नियमों में संशोधन करत हुये जो भी जनसुनवाईयां होती हैं उसके परिणाम का भी प्रकाशन समाचार पत्रों के माध्यम से करे तभी जनसुनवाई का जो औचित्य है तब पूरा हो पायेगा। अब ये जनता नहीं जानती कि 25 जनसुनवाईयां हुई है उनका परिणाम क्या है, जनसुनवाई कराने के लिये सूचना प्रकाशन होता है लेकिन जनसुनवाई का परिणाम नहीं आ पाता तो जनता उसका अधिकारी है इसलिये जब तक नियमों में संशोसधन नहीं हो जाता मै पीठासीन पर्यावरण अधिकारी पीठासीन अधिकारी से सादर अपेक्षा करूंगा कि जिन जिन जनसुनवाई में जो जो परिणाम आया है उसका परिणाम क्षेत्रीय सामाचार पत्रों में प्रकाशन अवश्य करवाये। यहां कि जनता ने जो अभिमत दिया है वो विरोध है और उसके बाद भी उन्हे केन्द्रीय वन पर्यावरण मंत्रालय से एन.ओ.सी. मिल जाती है तो उसके आगे की प्रक्रिया है जनता चाहे तो अपील करेगी, न्यायालय में जायेगी अगर ये प्रक्रिया अभी तक अधूरी है तो जनसुनवाई की प्रक्रिया जो चलती आ रही थी वो अधूरी थी वे जनता के अधिकारों का हनन था मेसर्स सुनिल इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड कंपनी के प्रभावित ग्राम हैं वो अनुसूचित क्षेत्र में आती है और सुनिल इस्पात ग्राम लाखा में स्थापित है और उससे इतना दूर जो जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है उससे उस क्षेत्र की जनता को वंछित किया गया है हर व्यक्ति इतना सक्षम नहीं है कि इतना दूर आये और अपना अभिमत प्रकट कर सके। ई.आई.ए. रिपोर्ट

बनने के लिये जो प्रावधान निर्धारित हैं उसमें जो मूल बिन्दु हैं, प्रदूषक के कारक हैं, वर्तमान में प्रदूषण की क्या स्थिति है उस क्षेत्र में उसका कोई भी आंकड़ा ई.आई.ए. रिपोर्ट में कोई भी कन्सल्टेंट कंपनी नहीं करती और आंकड़ा नहीं है तो पर्यावरण प्रभाव का मूल्यांकन नहीं है वो ई.आई.ए. रिपोर्ट फाल्स है और ऐसी फर्जी ई.आई.ए. रिपोर्ट के आधार पर जनसुनवाई हो रही है और जिला प्रकाशन करा रही है तो उद्योग को एकतरफा लाभ पहुंचाने का जिला प्रशासन का प्रयास है। ई.आई.ए. रिपोर्ट बनने का जो प्रावधान है वो अध्ययन क्षेत्र के ग्राम पंचायत का निश्चित रूप से अभिमत और पंचनामा बनना चाहिये कि किन किन व्यक्ति के समझ व आकलन उस कन्सलटेंट कंपनी द्वारा किया गया है। अभी तक जितनी भी जनसुनवाईयां हुई है उसके ई.आई.ए. में माप नहीं दी जाती कि वहां की जल एवं वायु प्रदूषण क्या है और जिस क्षेत्र में ज्यादा उद्योग है कलेक्टर परिसर में लगा हुआ है वो इलेक्ट्रॉनिक मशीन है वो इलेक्ट्रॉनिक मशीन इस क्षेत्र में क्यों नहीं लग रहा है और उसकी भी एक वर्षीय आंकड़ा आना चाहिये कि हर महीने वहां प्रदूषण की क्या क्या स्थिति रही अगर नहीं है तो ई.आई.ए. रिपोर्ट अपूर्ण है। पीठासीन अधिकारी को ऊपर से जो आदेश रहता है कि सिर्फ जनसुनवाई करवानी है। जनता के अभिमत में कारण होना चाहिये लोकतंत्र में जो वोट देते है पहले बैलेट पेपर चलता था अगर उसका निशान दूसरे पत्र में आ जाये तो उसे निरस्त माना जाता है तो समर्थन विरोध करने वाला का एक सटीक बिन्दु होना चाहिये किस बिन्दु से प्रभावित होकर समर्थन किस बिन्दु पर परिणाम विपरित है या जनहित में नही है उन परिणामों के साथ उस व्यक्ति का अभिमत यहां दर्ज होना चाहिये और बिना किसी कारण सिर्फ व्यक्ति यह कहता है कि मै मेसर्स सुनिल इस्पात का समर्थन करता हूं तो वह अपात्र हो ये वन पर्यावरण मंत्रालय में संशोसधन होना चाहिये जो लोग बिना कारण के समर्थन विरोध कर रहे हैं उनके अभिमत को निरस्त करना चाहिये और जनसुनवाई स्थल पर ही जैसे वोट की काउंटिंग होती है उसका परिणाम आता है पीठासीन महोदय लीास्ट में पूरा पढ़ते हैं किन किन व्यक्तियें ने किस आधार पर समर्थन किया और किस किस ने विरोध किया तो उस अभिमत में कितने वैध हैं ये जारी होना चाहिये और जनसुनवाई स्थल पर ही जाना चाहिये ताकि जनता को पता चले उनका समझ बढ़े हमने विरोध किया समर्थन किया और वैध नहीं हो पाया तो वैध इसलिये नहीं हो पाया कि उनकी जानकारी अधूरी थीं और अगर जानकारी अधूरी हैं तो पर्यावरण वन मंत्रालय का उद्देश्य है जो जन जागृति के लिये उस क्षेत्र में ग्रामों में जाकर के जो जागरूकता पैदा कर रही हैं लोगों को बताना है कि ये स्थिति इस क्षेत्र की है और आपको इस पर अभिमत देना है परन्तु निरंतर रायगढ़ जिलें में जनसुनवाई के जो निर्धारित मापदण्ड है जो विधान बना हुआ है उसको जिला प्रशासन के अधिकारी जानबूझकर अनदेखी करते हैं और इस जनसुनवाई में भी उसका परिपालन नहीं हो पाया है इसलिये ये जनसुनवाई पूर्ण रूप से अवैध है अवैधानिक है और जिस जिले में एन.जी.टी. ने प्रतिबंध लगा दिया है कि जब तक पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन शासकीय कमिटी द्वारा नहीं कर ली जाती तब तक जिला प्रशासन कोई

भी जनसुनवाई नहीं करवा उसके पश्चात् इतना अमला का समय और जनता का भी समय जाया जाता है। जनसुनवाई की प्रक्रिया में जिले के निम्न सदन से लेकर उच्च सदन में चुने हुये जन प्रतिनिधियों का अभिमत और उस सदन का अनुमोदन चाहे वो ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, जनपद पंचातय, जिला पंचायत हो, नगर निगम हो उस सदन का जब तक अनुमोदन प्राप्त नहीं होता तब तक जनसुनवाई की प्रक्रिया अधूरी है अपूर्ण है इस पर केन्द्रीय वन पर्यावरण मंत्रालय को इन केन्द्रीय लोकतांत्रिक बिन्दुओं को ध्यान में रखकर के इन्हे आवश्यक रूप से शामिल किया जाना चाहिये संशोधन किया जान चाहिये कि वहां के चुने हुये सरकार वहां के चुने हुये जनप्रतिनिधि जब तक उस जनसुनवाई को अनुमोदित नहीं करते या अभिमत दर्ज नहीं करवाते तब तक वह प्रक्रिया अधूरी है अपूर्ण है। एक लम्बे समय से जिले में उद्योगों का विस्तार हो रहा है इसे किसी कमिटी की मूल्यांकन की आवश्यकता नहीं है इसे हमें खुले आंख से देखने और समझने को मिलता है। एन.जी.टी. के अधिकारी यहां आये और इस क्षेत्र का अवलोकन किये और जो निर्देश जारी किये उसके पश्चात् भी जनसुनवाईयां हो रही है तो वो प्रशासन की अधर्मता है प्रशासन की दादागिरी है। जनसुनवाई के जो आधार है वो ई.आई.ए. रिपोर्ट हैं क्या ई.आई.ए. रिपोर्ट में जिस क्षेत्र क मूल्यांकन किया गया है वहां जिला प्रशासन के पास जो आंकड़े है बीमारियों के वो क्यों दर्ज नहीं होते उन आंकड़ों को दर्ज होना चाहिये। क्षमता से अधिक उद्योग अगर किसी क्षेत्र में लग चुके हैं और अगर वहां जो ढांचा है उसका विस्तार नहीं हुआ है सड़क जिसपर लोग चलते हैं उसका क्षमता कितना है और उन सड़को पर जा दुर्धटना है वो भी पर्यावरण विभाग मूल्यांकन में इसलिये दर्ज होना चाहिये जिससे केन्द्रीय वन पर्यावरण मंत्रालय को यह समझ आ जाये कि अब इस क्षेत्र में उद्योग की गुंजाईश नही हैं जब तक वहां का इन्फ्रा स्ट्रक्चर नही होगा तो बिना इन्फ्रास्ट्रक्चर डेव्हलप हुये जो जनहानि हो रही है जो बिमारियां हो रही हैं वो ई.आई.ए. रिपोर्ट में नहीं आ रही जबकि कन्सल्टेंट कंपनियों का दर्ज करना चाहिये अगर नहीं कर रहे तो वो भी जनता के साथ कंपनी मालिकान के साथ कंपनी ई.आई.ए. रिपोर्ट बनाने वाली कंसल्टेंट कंपनी को फीस देती है वो फर्जी रिपोर्ट बना रही है उसका मूल्यांकन कंपनी क्यों नहीं करती ई.आई.ए. रिपोर्ट में उस कंपनी के कितने शिकायत हैं प्रदूषण से संबंधित जिला प्रशासन पर्यावरण विभाग के पास वो भी दर्ज होना चाहिये क्योंकि किसी व्यक्ति को नौकरी देने से पहले उससे चरित्र प्रमाण पत्र लिया जाता है तो किसी कंपनी के विस्तार के लिये वो कंपनी की कार्यप्रणाली क्या है, कैसी है, उसके जनशिकायत कितने हैं और उन्हे पर्यावरण विभाग द्वारा कितने बार नोटिस जारी किया गया पर्यावरण कानूनों के उल्लंघन के लिये वे दण्डित हुये नहीं हुये अलग चीज है क्योकिं दण्डित करना नहीं करना प्रशासन की ईमानदारी की बात है क्योंकि अगर वे ईमानदारी से कार्य करते तो रायगढ़ जिले के 90 प्रतिशत उद्योग बंद हो चुके होते। ई.आई.ए. रिपोर्ट वाली कंपनी विस्तार वाली कंपनी का ये बिन्दु विशेष रूप से नोट किया जाये कि जो कंपनियां विशेष रूप से विस्तार करतीं हैं तो पूर्व में उनके अनुबंध सरकार से हैं वो सरकार में किन किन अनुबंधों के

तहत् चाहे वह फ्लाई ऐश के हों, प्रदूषित जल के हों, कि वायु प्रदूषण रोकने के हों वो किन किन हद तक उसका परिपालन कियें हैं अगर नहीं किये हैं तो विस्तार जनसुनवाई का कोइ औचित्य नहीं है तो ये रिपोर्ट ही नहीं आ रही है तो ये रिपोर्ट की फर्जी है मैं पीठासीन महोदय से अनुरोध करता हूं कि मैं जिन जिन बिन्दुओं को बोला हूं वो नहीं है तो ये ई.आई.ए. रिपोर्ट फर्जी है और पीठासीन अधिकारी महोदय इस फर्जी ई.आई.ए. रिपोर्ट के आधार पर आपराधिक प्रकरण कन्सल्टेंट कंपनी और मेसर्स सुनिल इस्पात के ऊपर दर्ज करें। पर्यावरण विभाग, जिला प्रशासन के पास अमला नहीं है प्रदूषण पर कारगार नियंत्रण के लिये कलेक्टर महोदय भीमसिंह जी नेता से भी बड़े नेता हैं उन्होने मुझे कहां था मैं एक कमिटी गठित करूंगा जो जनता के प्रतिनिधि हैं जनता के जानकार लोग हैं और प्रशासन की एक टीम वो टीम मूल्यांकन करेगी रिपोर्ट देगी। ये सिर्फ राजनैनिक लट्ठेबाजी के अलावा कलेक्टर महोदय का और कुछ नहीं है उन्होने मुझे संतुष्ट करने के लिये कह दिया मैं पर्यावरण अधिकारी महोदय से निवेदन करता हूं वे जानते हैं उनके पास क्या आमला है उनके सार्सेस कितने हैं उनके पास भी अधिकार है वे चाहे तो चुने हुये जनप्रतिनिधि जागरूक लोग को आमंत्रित करें एक मीटिंग गठित करें और वो मीटिंग गठन के पश्चात् एक कमिटी गठन हो और वह कमिटी ई.आई.ए. रिपोर्ट का मूल्यांकन करें कि वह वास्तव में सही है या नही उसके पश्चात् जनसुनवाईयां हो और जनसुनवाईयां के पश्चात् भी वो कमिटी निर्धारित करें और अपना अभिमत उसमें जुड़वाये और उसमें तकनीकी बिन्दु उसमें क्या चूंक है उसमें क्या क्या संशोधन होना चाहिये और उसके परिणाम के लिये अभिमत मांगे केन्द्रीय वन पर्यावरण मंत्रालय को भेजवायें। मैं पर्यावरण अधिकारी व पीठासीन अधिकारी महोदय से अनुरोध करता हूं वो एक कमिटी का गठन करें और ये उनका अधिकार है इस लोकतंत्र में जनता की कमिटी नहीं है चुने हुये लोगों की कमिटी नहीं है तो कैसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया का प्रवहन होगा तो अभी तक जितनी जनसुनवाईयां हो चुकी हैं एक सप्ताह के अंदर जिनकों अनुमति मिल चुकी है या जिनकी जनसुनवाई निरस्त की जा चुकी है केन्द्रीय वन पर्यावरण मंत्रालय के द्वारा उसे एक सप्ताह के अंदर समाचार पत्रों में प्रकाशित करें क्योंकि परिणाम जानने का अधिकारी जनता है तो जनता को उस परिणाम के बारे में मालूम हो कि उन्होने जो समय जाया किया है उसका परिणाम क्या है ग्रामीण जनता कैसे जानेगी और उस परिणाम को केवल समाचार पत्र में ही नहीं बल्कि उस कंपनी के प्रभावी क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम पंचायत में भी उसका कॉपी जाना चाहिये कि ये जनसुनवाई इतने तारीख को केन्द्रीय वन पर्यावरण मंत्रालय द्वारा स्वीकृति की गई। प्रक्रिया जब अपूर्ण है और जनता अनभिज्ञ है तो कैसे संभव है कि यह जनसुनवाई का आयोजन वैधानिक रूप से परिपूर्ण है। क्या एन.जी.टी. के पत्र का अवलोकन पीठासीन अधिकारी नहीं करते या पर्यावरण अधिकारी महोदय नहीं करते अगर करते तो एन.जी.टी. का जो महत्व है और कर्तव्य और जो दायित्व है वो पर्यावरण नियमों के उल्लघन पर रोक लगाने का है तो वो रोक लगा चुकी है उसके बाद भी जनसुनवाईयां और यहां उपस्थित शासकीय व्यक्ति हैं वो भी इस क्षेत्र की जनता हैं

केन्द्रीय वन पर्यावरण मंत्रालय को जनसुनवाई स्थल में जितने भी शासकीय अशासकीय लोग है जो भी उपस्थित होते हैं उनका अभिमत लेना भी अनिवार्य होना चाहिये क्योंकि वे प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी सिर्फ प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी नहीं हैं वे एक नागरिक हैं और वह इस क्षेत्र में रहता है और वातावरण का प्रभाव उसके परिवार पर भी पड़ता है इसलिये केन्द्रीय वन पर्यावरण मंत्रालय यह संशोधन निश्चित रूप से लाये कि जन सुनवाई सभा में जो भी शासकीय कर्मचारी हैं क्योंकि जब चुनाव होता है इनके पोस्टर दिया जाता है यहां इनको क्यों वंछित किया जाता है आप भी वंछित है आप अपना अभिमत दर्ज नहीं कर रहें हैं आप सिर्फ डाकिये का काम कर रहे हैं ये जनसुनवाई हुई इसको हमें भिजवा देना है प्रशासनिक अधिकारी का दायित्व है कि आपका अभिमत भी दर्ज करायें वो भी विधि सम्मति तरीके से क्योंकि आप विधि के जानकार हैं इसलिये आप इ समंच पर बैठे हैं और यदि उनका अभिमत विधि सम्मत तरीके से दर्ज नहीं होता है तो ये अपने पद का दुरूपयोग होता है ये भी प्रमाणित होता है जिससे आने वाले समय में जनता जो भी प्रक्रिया है उसको निर्धारित कर सके तब लोकतंत्र की अवधारण परिपूर्ण होगी। मैं पीठासीन व पर्यावरण अधिकारी महोदय से निवेदन करूंगा की वे प्रशासनिक अधिकारी होने के दायित्व का निर्वहन करते हुये आज के इस जनसुनवाई में अपना अभिमत दर्ज करें और जनता ने जिन बिन्दुओं का अवगत कराया है और की जो जानकारी है उसका कहां कहां उल्लंघन है उसके साथ दर्ज होना चाहिये अगर लोकतांत्रिक उपस्थित है तो उपस्थित सभी लोगों को जनमत देने का अधिकार है अगर कोई नहीं दे रहा है या उसकों जरूरी नहीं समझा जा रहा है वो गलत है यहां पुलिस के भी कर्मचारी हैं अन्य विभाग के भी कर्मचारी हैं वो भी अपना अभिमत दर्ज करायें। ये जनमत संग्रह की प्रक्रिया है यह प्रक्रिया तभी पूरी होगी जितने लोग हैं अपना अभिमत दर्ज करायें। मैं क्षेत्रीय अधिकारी एवं पीठासीन अधिकारी महोदय से अनुरोध करूंगा कि पेशा क्षेत्र में पेशा नियमों का उल्लंघन करते हुये और ग्रामसभ के बिना अनुमोदन के ये जनसुनवाई संपन्न हो रहा है जो अलोकतांत्रिक प्रक्रिया है और उस ग्राम पंचायत का और सभी संबंधित ग्राम पंचायत का अपमान है जिन ग्राम पंचायतों को पेशा कानून के तहत् विशेषाधिकार है उनके बिना अनुमति के ये जो जनसुनवाई हो रही है वो पूर्ण रूप से अवैध है तो अवैध जनसुनवाई ही करवाना है ऐसा प्रशासन का रवैया है तो इस रवैया को आपको बंद करना होगा। यहां की जनता रोजगार, छोटी–छोटी जरूरतों के लिये उनका विरोध उठना व्यापक दर्ज नहीं हो पा रहा है उनके विरोध समर्थन में जैसे राजनैतिक दल पैसा बाटते हैं वैसे ही कंपनियों पैसा बांटते हैं हर व्यक्ति को उसके कद के अनुसार पैसा मिलता है समर्थन करने का भी विरोध करने का भी आपको समर्थन करना है आप समय काटियें आपको समय काटना है उसका भी पैसा मिलता है तो ये प्रक्रिया कैसे पारदर्शी होगा ये प्रक्रिया तभी पारदर्शी होगी जब जो भी अभिमत आ रहा है बिन्दुवार विधि सम्मत हो सहमति भी और विरोध भी और उसका यही पर निर्णायक स्थिति होना चाहिये कि इतने अभिमत आयें हैं, इतने वैध हैं, इतने अवैध हैं। मेरे से ज्यादा विद्वान

आप लोग हैं पढ़ाई कर यहां तक पहुंचे हैं आपके जीवन का जो संघर्ष है आपके माता पिता का जो त्याग है तो आप इस देश के लिये कानून का परिपालन करें और आपके अभिमत से ये जनसुनवाई निरस्त हो क्योंकि यह अवैधानिक है तब इस क्षेत्र के जनता को भरोसा होगा कि प्रशासन उनके व लोकतंत्र के पक्ष्य में है तो जनता के सेवा के एवज में जो आपको वेतन मिलता है उसके साथ न्याय करेंगे ये भी पता लगेगा जनता क विश्वास जनतंत्र में प्रशासनिक अमला के प्रति मजबूत होगा आज की जनसुनवाई वन पर्यावरण मंत्रालय के अधिसूचना 2006 के 100 प्रतिशत विपरीत है अवैधानिक है इसलिये मैं पीठासीन व पर्यावरण अधिकारी महोदय से अनुरोध करूंगा कि इस जनसुनवाई को अभी निरस्त किया जाये और नये ई.आई.ए. रिपोर्ट के लिये आदेश जारी करें। छत्तीसगढ़ की जनता आर्थिक व मानसिक रूप से उतनी सबल नहीं है कि वो न्यायलयीन लड़ाई लड़ सके इसलिये मैं पुनः पीठासीन महोदय के समक्ष रख रहा हूं कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें और मेसर्स सुनिल इस्पात और उसके फर्जी ई.आई.ए. रिपोर्ट बनाने वाले कंपनी के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज करायें। दर्ज करने के बाद जनता में रूझान आयेगा उस पर कार्यवाही चाहेगी और कार्यवाही भी होगा। पिछले 02 जनसुनवाई से मैं वंछित रह गया हूं। एक में मुझे सूचना मिली की जनसुनवाई 02 बजे की समाप्त कर दी गई है जब चुनाव होता है उसमें पीठासीन महोदय शासकीय समय में बैठते हैं और जितने मतदाता उस परिसर में आते हैं उनका मत लेते हैं यहां आप 01 बजे 02 बजे तक अभिमत दर्ज करवायें वाला नही है आपको शासकीय समय का परिपालन भी करना चाहिये इसलिये पिछली जनसुनवाई समय के हिसाब से अवैध है पीठासीन महोदय ने उस समय के गरिमा का परिपालन नहीं किया जो बहुत ही दुर्भागयपूर्ण है। मैं पूर्ण रूप से इस उद्योग के स्थापना और विस्तार के लिये विरोध दर्ज करते हुये पीठासीन अधिकारी महोदय से अनुरोध करूंगा कि अपने अभिमत से इस जनसुनवाई को निरस्त करें। जय हिन्द, जय छत्तीसगढ़, जय भारत।

760. शुभम मालाकार, तराईमाल – मैं यह कहना नहीं चाहता था कि पीठासीन अधिकारी और पर्यारण अधिकारी इलिगल रूप से यहां उपस्थित हुये हैं। जब लाखा के किसान आंदोलन चला रहे हैं सुनील इस्पात ग्राम चिराईपानी के ग्रामपसंचायत–लाखा में आता है सुनिल इस्पात के पीछे केलो डूबा में इनकी जमीनें डूब गई इन्हे पुर्नवास करके नया लाखा में बनाया गया इन्हे कुछ जमीन खेती के लिये दी गई उसके सामने सुनिल इस्पात मेसर्स सुनिल इस्पात पॉवर लि, ग्राम– चिराईपानी, ग्राम पंचातय लाखा, तहसील व जिला– रायगढ़ स्टील प्लांट डीआरआई किल्न स्पंज जो कि वर्तमान में चला रहे 1,15,000 टीपीडी और इसको डबल से भी ज्यादा 3,46,500 टीपीडी बढ़ाना चाहते हैं इसके बाद इण्डक्शन फर्नेस मैचिंग विथ एलआरएफ सीसीएम जो कि इनका 3000 टीपीडी संचालित था उसको 3,46,800 टीपीडी बढ़ा रहे हैं जितने अधिकारी आये हैं इन्हे गणित का आंकड़ा आता होगा नहीं आता तो बता दें मैं समझा दूंगा दोनो के बीच में कितना डिफरेंस है और रोलिंग मिल विथ हार्च आदि 30000 टीपीडी से लेकर 2,90,000 टीपीडी न्यू कमर्सल रोलिंग मिल

एलडीओ जो कि 30000 संचालित है न्यू फेरो एलो युनिट में 02 युनिट 18 एमटीए और एफईएमए 90000 टीपीडी, एसआईएम 60000 टीपीडी, एफईसीआर 60000 टीपीडी, एफईएसआई, 30000 टीपीडी, पिग आयरन 90000 टीपीए, कॉस्ट आयरन 90000 टीपीए, डब्ल्यूएचआरबी बेस्ड पॉवर प्लांट 12 से 34 मेगावॉट साथ ही सीएफबीसी बेस्ड पॉवर प्लांट 4.9 से 2.99 मेगावॉट और न्यू फ्लाई ऐश ब्रिक्स 38000 ब्रिक/दिन तो पर्यावरण अधिकारी, एनजीटी, को कुछ समझ नहीं आता और न रायगढ़ प्रशासन तो पूरा अंधा है। सुबह 8 बजे से वो किसान, महिलाऐं, युवा सब बैठे हैं वहां पर जिनकी 13 सूत्रीय मांगे हैं जिसकी मांग की अपेक्षाऐं किससे करें बताईयें जिसकी मांग किससे करें बताईये। इस साल 17–20 जनसुनवाईयां हुई है जितने भी पर्यावरण अधिकारी या पीठासीन अधिकारी मेन गेट से ही प्रवेश करते हैं शायद बंजारी माता से कुछ पाने के इच्छुक हैं कि खुद नियम को फॉलो नहीं कर रहे हैं मेरा ज्ञापन है जो कल मैने दिया है इसमें इललिगल तरीके से सब गेट में घूंसे है मेरे पास सबूत है टाईम के पास वहां से रजिस्टर गायब है उसका सबूत है मेरे पास लिखने वाला अलग जगह लिख रहा था उसका भी प्रमाण है मेरे पास इसमें साईन करके दें। क्या लाखा किसान का कोई दोष है कि उनका मांग पूरा नहीं हो सकता या जन सुनवाई ज्यादा इंपॉरटेंट है ये प्लांट के पास इतना पैसा है कि चारो तरफ बाउण्ड्रीवॉल भी कर दें तो हेलीकापटर से आदमी लाके समर्थन करवायेंगे इनकी ताकत इतनी है क्या है पैसे का घमंड है। आज की जनसुनवाई निरस्त होनी चाहिये क्योंकि शुरू से आखिरी तक इललिगल तरीके से चली है। बाहर जो किसान है उनका क्या होगा उनका निर्णय बता दीजिये चाहे जनसुनवाई न हो चाहेत प्रदूषण न हो या खेती करके खायें या उनकी मांग की पूर्ति कौन करेगा। सबसे पहले धन्यवाद रायगढ़ प्रशासन औद्योगिकरण में ध्यान दे रहा है छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले का नाम अपर पर है इसके बाद तराईमाल की मां बंजारी प्रांगण जो कि जनसुनवाई की धर्मशाला बन चुकी है इसके लिये रायगढ़ प्रशासन को धन्यवाद देता हूं। रायगढ़ के क्षेत्रवासियों के साथ बहुत बड़ खेलवाड़ हो रहा है इसका अंत कब होगा पता नहीं इसमें पैसा का भी बहुत महत्व है। जनसुनवाई के पहले शासन प्रशासन क घोर विरोध करता हूं। रायगढ़ प्रशासन प्लांट से ठेका लेके जनसुनवाई करवा रही है शुरू से आखिरी तक की जिम्मेदारी रायगढ़ प्रशासन की होगी ये लिख दी जाये ई.आई.ए. में ये ज्यादा सुटेबल होगा मेरे ख्याल से। आदमी विरोध समर्थन करें क्या मतलब इस चीज का जब से मैं जनसुनवाई विरोध के मंसा से आया हूं तब से 20 जनसुनवाई इस सत्र में हो चुकी है पिछले नवम्बर से अभी दिसम्बर तक 20 जनसुनवाई उससे भी पहले हुई होगी उसका भी डाटा दूंगा मैं आपको। रायगढ़ प्रशासन को सैकड़ों जनसुनवाई का अनुभव है आगे भी होता रहेगा। वर्तमान में पीठासीन अधिकारी का आठवां जनसुनवाई है आज नौवां चल रहा है और पर्यावरण अधिकारी का 20 से ज्यादा होगा इतना अनुभव है। इसी सत्र में बंजारी प्रांगण में 12 जनसुनवाई हुई है जो कि इस सत्र की तेरहवीं है दिनांक 03.03.2021 को एनआरव्हीएस की जनसुनवाई चली थी 05.03.2021 एनआरव्हीएस पूंजीपथरा की जनसुनवाई

चली 10.03.2021 बुधवार को बीएस स्पंज का 24.03.2021 बुधवार को एसएस एण्ड पॉवर लि. 07.04.2021 बुधवार को अग्रोहा आयरन पाली की, 28.07.2021 बुधवार सिंघल इंटरप्राइजेस की 11 से 02 के टाईमिंग में जनसुनवाई खतम हो गया था यहीं है विशेष 10.08.2021 शनिवार को मेडिकल वेस्ट प्लांट पंजीपथरा यहीं बस निरस्त हुआ क्योंकि इससे तराईमाल या आसपास के लोगो को फर्क पड़ता या पैसा का महत्व नहीं मिला इनको इसलिये यह अपवाद है जो निरस्त हुई जिला प्रशासन में दम है तो इसे चालू करके देखें इससे जिला का फायदा है लेकिन जनसुनवाई फेल होने पर प्लांट नहीं लगेगा। रायगढ़ प्रशासन कुछ भी कर सकती है औद्योगिकरण के लिये इसे भी संचालित कर दें। दसवां महीना मंडप सजा था जनसुनवाई का जो कि 03 जनसुनवाई लगातार हुई मतलब एक मंडप में 03 शादी बराबर 23.10.2021 दिन शनिवार वैजरान इंडस्ट्री का, 25.10.2021 सोमवार को शांभवी की जनसुनवाई चली 29.10.2021 को एनआरव्हीएस तराईमाल की जनसुनवाई चली और सफल हुई क्योंकि ये सब खिलाड़ी प्लांट थे। 10.11.2021 बुधवार को सत्गुरू की 13.11.2021 को राधेगोविन्द की जनसुनवाई हुई 2022 के सत्र में मैं अपेक्षा करता हूं 26 हो जाये यहां से ग्रामवासियों को भागना पड़े ज्यादा उचित रहेगा। एक स्थान पर इतनी जनसुनवाई तो आजु बाजु के गांव में कितने प्लांट होंगे। पूंजीपथरा जिंदल पार्क में 36 प्लांट है तराईमाल में 06 प्लांट उज्जवलपुर में 01 गेरवानी में 04 प्लांट चिराईपानी व पाली में 02 प्लांट सराईपाली में 05 देलारी में 03 प्लांट को यही बात समझ आती है। जो ये चला रहे थे उससे डबल करना चाहते है। जितने भी अधिकारी जनसुनवाई में आते है मेन गेट से आते है लेकिन आज उलटा हुआ है। मेन गेट के पास जितने भी लोगो का एन्ट्री हुआ है उसका सबुत है और रजिस्टर गायब हुये है उसका भी सबुत है मेरे पास। आज की जनसुनवाई निरस्त होनी चाहिये क्योंकि शुरू से लेकर आखरी तक गलत चली है। किसान लोगो का क्या होगा जिसकी फसल नुकशान हुये है। बंजारी मंदिर जनसुनवाई का धर्मशाला बन गई है। मैं जनसुनवाई का घोर विरोध करता हूँ, जब से मैं यहा विरोध की मनसा से आया हूँ तब से आज तक लगभग 20–25 जनुसनवाई हो चुकि है। पीठासीन अधिकारी का आज लगभग 9वां जनसुनवाई है और पर्यावरण अधिकारी का तो रायगढ़ जिले में 20–25 जनसुनवाई का अनुभव हो चुका है। तीसरे माह में 03 जनसुनवाई हुई, 11–02 के बीज में जनसुनवाई पूर्ण करवा दिया गया। 10वां महिना में यहा मंडप सजा था 03 जनसुनवाई लगातार हुई। ये तीनो जनसुनवाई 10 दिवस के भीतर हुई क्योंकि ये सब नामी प्लांट थे। इसी तरह लगातार यहा जनसुनवाई चली। यहा 13 जनसुनवाई इस सत्र में हुई है मैं चाहता हूँ कि यहा इस सत्र में 26 हो जाये ताकि लोगो को यहा से भागना पड़े। तराईमाल में 06 प्लांट, उज्जवलपुर में 01 प्लांट, गेरवानी में 04 प्लांट, चिराईपानी में 02 प्लांट, पाली में 02 प्लांट, सराईपाली में 05 प्लांट देलारी में 03 प्लांट, इस रेडियस में तराईमाल से घूमे जितने भी गांव का नाम लिया हूं ये सिर्फ 03 किलोमीटर के रेडियस में आते हैं 03 किलोमीटर के रेडियस में 56 प्लांट आ सकते हैं तो 10 किलोमीटर के रेडियस में

कितने प्लांट आ सकते हैं। 56 प्लांट का प्रोड्यूस लेवल 2 गुना है 56 दुने 112 होता है। सुनिल स्पंज का आंकड़ा देखें स्पंज का 1,75,000 टीपीडी से 3,46,000 टन है तो ये दुगुना हुआ तो मैं इसमें भी दुगुना करना चाहूंगा 56 प्लांट दुगुना चल रहा है जो कि 112 प्लांट 03 किलोमीटर के दायरे में मायेन रखता है। इसका प्रमाण मांगने से मिलता नहीं है क्योंकि जिला प्रशासन इनकी संरक्षण करेगा। औद्योगिकरण का सरंक्षण के जवाबदारी जिला प्रशासन रायगढ़ लेती है। जनसुनवाई का अध्यक्षता कर रहे पर्यावरण संरक्षण पीठासीन अधिकारी औपचारिक रूप से इस जनसुनवाई में आ जाते हैं पीठासीन अधिकारी से ज्यादा जवाबदारी पर्यावरण अधिकारी की होगी। मै कई बार बोला हूं जहां तक मेरी समझ है मैं भी सीजीपीएससी एसपिरांट हूं राजनेता के पश्चात् अधिकारी जो शपथ लेते हैं वो पर्यावरण अधिकारी लेते हैं प्रति संरक्षण जो कि पर्यावरण का उल्लंघन नहीं करूंगा परिसंरक्षण दूसरों को उल्लंघन करने नहीं दूंगा तीसरा सरंक्षण नियम के तहत् दूसरों को या खुद को रोकना ये संरक्षण के क्षेत्र में आता है ये तीनों पॉईंट की शपथ लेते हैं तो जनसुनवाई में किसी प्रकार के शपथ का पालन कर रहें हैं पर्यावरण अधिकारी जितनी भी जनसुनवाई बंजारी प्रांगण में हुई है उसमें विरोध समर्थन जानकारी पर्यावरण और पीठासीन अधिकारी किसी को नहीं देते हैं। समर्थन का फायदा और विरोध का घाटा क्या होता है इसका समझाईश नहीं देते हो आप लोग जबकि ये आपका कर्तव्य है जब ग्रामीण आदमी जागरूक नहीं होग तो किस चीज का समर्थन विरोध करेगा। आपका का कर्तव्य है उन्हे समझायें और आप नहीं समझा रहें हैं तो आप यहां औपचारिक रूप से बैठे हैं पीठासीन अधिकारी पर्यावरण अधिकारी आपको हक नहीं है इस चीज का। इनको जानने और पूछने का अधिकार है कि ये विरोध और समर्थन क्यों कर रहें हैं। ये सिर्फ टाईम पास का जरिया हो सकता है एक ठो। अगर कोई एक लाईन में समर्थन बोलकर चले जाते हैं तो विश्वास हो जाता है क्षमता बढ़ जाता है वहीं विरोध कर दे तो भावुक हो जाते हो। इस क्षेत्र का वासी जमीनी स्तर पर ही बात करेगा खेती जमीन पौधे पानी इसी के बात करेंगें। पर्यावरण याने परि धन आवरण हमारे आसपास का वातावरण जिसमें विभिन्न प्रकार के पारिस्थिक तंत्र है, प्रकृति, वायु, मृदा है इन सबसे मिलकर बनता है पर्यावरण जनसुनवाई में बोलते हैं पर्यावरण पर बात कीजिये। पर्यावरण प्रदूषण से पहले यह समझना होगा प्रदूषण क्या है। दूषित पदार्थ के कारण समाज में जो समस्या उत्पन्न होती है, उसे प्रदूषण कहते हैं जब प्रकृति के घटक जल जंगल वायु जमीन प्रदूषित होते हैं तो वे पर्यावरण प्रदूषण के अंतर्गत आते हैं पर्यावरण प्रदूषण आज की सबसे बड़ी समस्या है इस बंजारी परिसर में 12 जनसुनवाई समस्या तो होगा ही जिसके लिये नियम कानून बन रहे हैं वो सिर्फ कागज की गुत्थी बन जायेगी। उसका जमीनी स्तर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। पर्यावरण जैव विविधता संरक्षण ये सब का मतलव नहीं है जनसुनवाई में काई बता दे मुझे नियम से ज्यादा पैसा का महत्व है जो दिख रहा है यहां मेन द्वार से नहीं साईड से तो आ सकते हैं। आज कि जनसुनवाई इललिगल तरीके से हो रहा है।पर्यावरण क्या है इसके घटक क्या हैं क्या नेगेटिव पॉजिटिव पक्ष हैं पर्यावरण

परिस्थिति व प्रकृति पर पड़ने वाला प्रभाव संपूर्ण प्रभाव है जो उनके जीवन विकास एवं कार्य को प्रभावित करता है इसको समझियें। पर्यावरण जीवन विकास को प्रभाव करता है मीन्स हम जैसे लोग पर प्रभाव पड़ेगा। जब लोगों को पर्यावरण पर बोलने का अधिकार नही तो उनके बच्चों को पर्यावरण पढ़ने का अधिकार नहीं है बंद करवा दें शासन। पर्यावरण प्रदूषण आज हमारे ग्रह पर मानवता और अन्य जीवन रूपों पर सामना करने वाली सबसे गंभीर समस्या बन चुकी है पर्यावरण प्रदूषण वायुमंडल को भौतिक और जैविक घटकों के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। सदूषण मतलब इसे प्रदूषण एवं स्वच्छ भी कह सकते है। इस जनसुनवाई से तराईमाल लाखा जो आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है उसका विनास हो चुका है। समान्य पर्यावरणीय प्रतिक्रिया के अनुकूल जो प्रभाव होता है प्रदूषण प्रकृति के रूप से पदार्थ या उर्जा हो सकती है लेकिन अधिक मात्रा में होने पर उन्हे दूषित भी माना जा सकता है जिस प्रकार जो संचालित है उसे दुगुना करें तो प्रदूषण बढ़ेगी। प्राकृतिक संसाधनों की किसी भी दर का उपयोग प्रकृति द्वारा स्वंय को पुर्नस्थापित करने की क्षमता अधिक होने पर वायु, जल और भूमि प्रदूषण परिमाण हो सकता है मेरे बात को कोई ध्यान नहीं दे रहा है शायद पर्यावरण मुद्दा चल रहा है और अधिकारी बोलते हैं पर्यावरण मुद्दे पर बात करो यही होता है पर्यावरण मुद्दा जन लोगों का कोई संबंध नहीं है पर्यावरण से अधिकारियो के सामने पर्यावरण विषय पर बात होना चाहिये। वर्तमान में पर्यावरण प्रदूषण के संरक्षण के लिये क्यो विभिन्न जागरूक तथा दिवस मनाते हैं जनसुनवाई दिवस का कार्यक्रम मना लेते। क्यो इस प्रकार का ढकोला पर्यावरण दिवस, ओजोन दिवस, जल दिवस, पृथ्वी दिवस, जैव विविधता दिवस और दूसरी तरफ जनसुनवाई कार्यक्रम का विस्तार कर रहें हैं। जिला प्रशासन रायगढ़ के लिये पर्यावरण दिखावा है सामने से बता रहे हैं पर्यावरण मुद्दा है इस पर बात करें। पर्यावरण प्रभाव निसंदेह कोई व्यापक है प्रदूषण अत्यधिक प्रभाव से मानव स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच सकता है मेरे बात कोई गौर कर रहा है क्या नहीं क्योंकि पर्यावरण मुद्दा चल रहा है। पर्यावरण मुद्दे पर बात हो रही है रात तक जनसुनवाई हो सकती है अगर करना चाहे तो मेरा अधिकार है मैं पूरा बात बोलूं। वायु प्रदूषण का विषय हमारे रायगढ़ वासियों के लिये ध्यान देने वाली बात बन चुकी है। वायु हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण घटक है हम बना खाये पीये रह सकते है लेकिन बिना वायु के नहीं रह सकते अगर जिस वायु से हम सांस लेते है वही प्रदूषित हो गई तो हमारा निश्चित ही विनास तय है रायगढ़ क्षेत्र को मैं वायु प्रदूषण के दायरे में ले रहा हूं रायगढ़ प्रशासन औद्योगिकरण मकें आगे बढ़ रही है कल मैं ज्ञापन सौंपने कलेक्टर परिसर गया वहां दो विशेष चीज पर नोटिस किया। कलेक्टर परिसर में एक तरफ लिखा है सुघ्घर रायगढ़ उसके पीछे स्मार्ट डिस्प्ले चल रहा है जिसमें वातावरण का अनुकूल मानक पैमाना दिखाया जा रहा है कि नाइट्रोजन, सल्फर, आक्सीजन, कार्बन डाईऑक्साईड इतना नाइट्रोजन ऑक्साइड, अमोनिया इतना। मैं छत्तीसगढ़ के कम से कम 20 से 25 जिले में जा चुका हूं कहीं भी इस प्रकार का डिस्प्ले नहीं लगाया गया है उनका संदर्भ नाम है अपना बिलासपुर

हमर बिलासपुर मोर रायपुर चलो समझ में लाता है सुघ्घर रायगढ़ ठीक है पर नाम का है पर नाम का है डिस्प्ले लगाने का औचित्य कारण क्या था इस प्रकार का डिस्प्ले क्यो लगाना पड़ा रायगढ़ में इसका पॉजिटिव थिम क्या है क्या दिखाने चाहते है कि हमारे रायगढ़ शहर का नाइट्रोजन, सल्फर, कार्बन डाइऑक्साइड सहीं है लेकिन इसमें भी वह रायगढ़ क्षेत्र के 03 कि.मी. के अंदर के दायरे का मानक बता रहा है इसमें भी यह नहीं बता रहा कि तराईमाल क्षेत्र का यह मानक पैमाना है या मौहापाली का है या तमनार क्षेत्र का है उसमें कोई स्पेशिफिक नहीं है क्या चाहते है कोई रायगढ़ पहुंच गया तो सामने में सुघ्घर रायगढ़ और पीछें में नाइट्रोजन, सल्फर, कार्बन डाइऑक्साइड का मानक दिख गया तो औद्योगिकरण सही चल रहा है कोई प्लांट डिस्प्ले को स्पॉन्सर किया होगा कि हमारे संरक्षण में आप लगाईये। अमोनिया, आक्सीजन, सल्फर डाई ऑक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड उत्सर्जित होते हैं सबको पता है उनके ई.आई.ए. में भी लिखी है कि मात्रा इतनी इतनी है। डिस्प्ले को देखें और ई.आई.ए. को देखे तो औद्योगिक के कारण ही डिस्प्ले लगाना पड़ा। उसका स्पेशिफिक कारण यहीं है कि औद्योगिकरण के लिये वह डिस्प्ले लगाना पड़ा आदमी को उल्लू बना रहे हैं बाहर से आदमी आया तो उसको दिखा रहे हैं जमीनी स्तर पर उसके आंकड़ा का इतना डिफरेंस होगा कि मैं बता नहीं सकता। जब सुनिल इस्पात अपने ई.आई.ए. में बता रहा है कि सल्फर 2.0 से 18.4 माइक्रो घन मीटर होता है नाइट्रोजन डाईऑक्साइड 14.2 से 45.6 माइक्रो घन मीटर, कार्बन डाइऑक्साइड 647 से 1547 तक का होता है। जब इस प्रकार का प्रोड्यूस करेंगे तो इसका लेवल भी तो दुगुना होगा। ई.आई.ए. में फर्स्ट स्टेप में जो प्रभाव पड़ेगा उसकी जानकारी देते हैं ये। सेम जानकारी कॉपी पेस्ट कर दिये हैं प्रोड्यूस इतना हो रहा है तो सल्फर, नाइट्रोजन, कार्बन डाइऑक्साइड भी तो डबल होने चाहिये। यहां उपस्थित सभी को बताना चाहता हूं कि इनको पता नहीं होगा कि पीएम2.5 व पीएम10 क्या है नाइट्रोजन, अमोनिया, सल्फर तो समझा चुका हूं शायद इनके दिमाग में जा चुका हो। पीएम2.5 यह हवा में घुलने वाला ऐसा छोटा सा कण है जिसका व्यास 2. माइक्रो घन मीटर इसको नग्न आंखों से देखा नहीं जा सकता सूक्ष्मदर्शी लगेगा इसके लिये उदाहरण देखें तो सरसों के दाने के सौंवें हिस्सा के बराबर यह होता है इसके बारे में काई बाताता है कि पीएम2.5 क्या होता है ई.आई.ए. में लिख देते हैं इससे ज्यादा नहीं होगा। सबसे बदनाम प्लांट है ये सुनिल इस्पात लाखा क्षेत्र में। पी.एम.10 वो पार्टिकुलेट है जिसका 10 माइक्रो मीटर से कम व्यास का होता है मतलब सरसों के दाने के 50 भाग के बराबर होता है क्योंकि वे आंखों से दिखते नहीं हैं मुझे नोटिस भेज दीजिये मैं क्युं इतना मेहनत करके नोट बना के लाता। रात तक भी जनसुनवाई चल सकता है। जहां जनसुनवाई हो रही है वहां बुनयादी होता है पीएम2.5 व पीएम10 अमोनिया, नाइट्रोजन व सल्फर का सबसे पहले बताना चाहिये कि प्लांट किना प्रदूषण करेगी जब इतना ही कर रही है तो प्रदूषण की श्रेणी में ही आयेगा। कुछ डाटा प्रदर्शित कर रही है मतलब पर्यावरण पर असर कर रही है। जल प्रदूषण तब होता है जब प्लांट के अपशिष्ट को झील, तालाब व नहर

में छोड़ा जाता है। यहां ऐसे प्लांट है जो नदी से पानी लेके पॉवर जनरेट कर रहे हैं। एक प्लांट में 20 बोर खोदवा के रखें हैं उससे इतना पानी निकाल रहें हैं वो भी पर्यावरण में आता है। पानी का बिल 01, 02 व 03 करोड़ तक आता है। लाखा किसान की बात सुनी जाये तो मैं ये मंच छोड़ता हूं वो मेरे भी साथी हैं वो अपने अधिकार पर बात करेंगें। मुझे रिकॉर्ड चाहिये की इतना टाईम पीरियड तक मैं बोला।

761. लक्ष्मीकांत दुबे, रायगढ़ – मॉ बंजारी के परिसर में इस तरह के जनसुनवाई का आयोजन नहीं होना चाहिये। सीएसआर मद से जनसुनवाई भवन बनवा दीजिये यहां। आज की जनसुनवाई 11 बजे निर्धारित की गई थी चुंकि गेट में धरना प्रदर्शन हो रहा, नारेबाजी कर रहें हैं सबसे दुर्भागय बात है आप लोगों को भी मुंह छिपा कर आना पड़ा। इससे ज्यादा प्रशासनिय दादागिरी नहीं हो सकती। बोलने का समय निर्धारित कर दीजिये उतने ही टाईम में हम अपनी बात को रखेंगे पावती नहीं मिलने की भी शिकायत है। मुख्य गेट से न आकर आप अलग द्वार से आते हैं वहां बहुत महिला, बच्चें हैं जो अपना बात रखना चाहते हैं, युवा है किसान है वे अपना विरोध दर्ज कराने आये हैं उनका गांव का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति देखते सर, आप वहां नहीं जायेंगे क्योंकि आप तो उद्योगपतियों के लिये आये हैं सर। जनसुनवाई में समय काटकर समर्थन दिलवाना हैं वो लोग फूलगोभी, मूली लेकर आये हैं उनका क्या स्थिति है ये वो इसे ही बच्चों का खिला रहे हैं सरकार कहती है पौष्टिक आहार दो। मैं देखा की कुछ लोग पर्यावरण अधिकारी के कार्यालय में गये ज्ञापन दिये उनके मांग पर कोई कार्यवाही नहीं किया गया और आज जनसुनवाई में आ गये। क्या इस क्षेत्र के प्रभावित लोग हैं वे लोग मायेन नहीं रखते। आज का जनसुनवाई अवैध है पूर्ण दादागीरी के साथ किया जा रहा है। इतने पुलिस बल लगा के क्या सिद्ध करना चाहते है एक व्यक्ति विरोध कर रहा है तो पूरा पुलिस बल लगा के छावनी में बदल दिया जा रहा है। ऐसी ही जनसुनवाई करनी है तो मत करवाईये ऐसे ही दे दीजिये उनको समर्थन। क्या प्रदूषण फैलाने वाले उद्योग ही खुलेंगे इस क्षेत्र में दूसरा उद्योग नहीं खुल सकता क्या, आई.टी. सेक्टर के उद्योग खोलिये कौन मना कर रहो है। बड़े बड़े हॉस्पिटल खोलिये उससे भी कमाई होगी लेकिन आपको अतिरिक्त इनकम है वह नहीं मिल पायेगा। मेरे पास कुछ आंकड़े है यहां जिला जनसंपर्क अधिकारी को भी बुलाये जाना था वे बात सम्मिलित करते कि उस उद्योग से पूर्व लोगों को क्या क्या लाभ होता उद्योग के बाद लोगों को क्या क्या लाभ होगा। कितने बेरोजगारों को पूर्व में बाद में रोजगार मिला। फसल के पहले और फसल के बाद क्या स्थिति है लिस्ट को देखिये बि.पी. एल. कार्ड 04 गुना बढ़ गया है विकास होता तो बि.पी.एल. कार्ड की संख्या थोड़ी बढ़ती। जिला जनसंपर्क अधिकारी की एक रिपोर्ट भी सम्मिलित होनी चाहिये जिसके माध्यम से प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया, न्यूज पोर्टल के माध्यम से। इस उद्योग के पूर्व सभी उद्योग का विरोध है आप बता दें सर कि यहां प्रदूषण इतना फैल चुका है कि यहां कोई जनसुनवाई या उद्योग की क्षमता विस्तार की यहां गुंजाईश नहीं है। आई.टी. सेक्टर के उद्योग लगाईये जिससे प्रदूषण न हो। रास्ते में आये तो देखें है तेा देखें होंगे किस प्रकार की

स्थिति है बड़े बड़े वाहन चल रहें है तारपोलिन से भी नहीं ढक रहें हैं। बीच में न्यूज पेपर में प्रकाशित हुआ कि लात नाला में फ्लाई ऐश डम्प किया जा रहा है आपसे मीडिया के लोग संपर्क किये आप लोग बोले कल भेजेंगे आपको तुरन्त भेजना चाहिये था आप समय दे रहे है आप सुधार कर लीजिये हम कल आयेंगे। ऐसे जनसुनवाई में रोजगार अधिकरी को भी शामिल किया जाये उसकी रिपोर्ट सम्मिलित कीजिये ई.आई.ए. में उसकी भी रिपोर्ट सम्मिलित की जाये। वर्ष 2001 से 2020 तक 2,20,563 बेरोजगारों का पंजीयन हुआ है ये जिला रोजगार कार्यालय का आंकड़ा है आपके पास कोई आंकड़ा नहीं है कि आपके पास कि कितने स्थानिय बेरोजगारों को कितने प्लांट में रोजगार मिला, कितने जिले के लोगों, को बाहर के राज्य के कितने लोगों को रोजगार मिला जिला प्रशासन के पास कोई भी जानकारी नही है। यहां का प्रशासनिक व्यवस्था है उद्योगों पर लगाम लगाने के लिये पूर्णतः विफल है वो केवल नोटिस जारी कर सकती है इससे ज्यादा इनकी हिम्मत नहीं है वे या तो बंधे हुये हैं जो ईमानदारी से काम करता है उनका ट्रांसफर करा दिया जाता है या आपको उद्योगपति या सत्तापक्ष के इशारे पर काम करना पड़ता है। राजस्व भी इतनी हाई हो गई है मेरे पास एक रिपोर्ट है जिसको मैं सार्वजनिक करना चाहता हूं। ये जल संसाधन विभाग से मैने आंकड़े निकलवायें हैं सर देखिये कितनी कंपनियों का बकाया राशि बाकी है। 50 करोड़, 21 करोड़, 09 लाख, 01 करोड़, 05 करोड़, 13 करोड़ ऐसे बकाया बाकी है कार्यवाही के नाम पर क्या किया जाता है संबंधित अधिकारी द्वारा उद्योग पर वसूली हेतु आरसीसी जारी इतना ही करके इतिश्री कर देते हैं ज्यादा अधिकारी काम करता है तो प्रकरण न्यायालय विचाराधीन है। जिनकी वसूली बाकी है नही करना वसूली तो बंद कर दीजिये सर तालाबंदी कर दीजिये। आप तो उनको संरक्षण दे रहे हैं इनकी भरपाई कैसे होगी सर इतने राजस्व का नुकसान हो रहा है ये जल संसाधन विभाग के आंकड़े कह रहें हैं तो वसूली कैसी होगी सर कोई नियम है तो बतायें सर मैं भी जानना चाहूंगा और वसूली नहीं हो रही है तो ई.आई.ए. में उन अधिकरयिों के अभिमत क्या नहीं लिया जा रहा है। यहां की फसल चौपट हो रही है बाहर मैं फूलगोभी की हालत देखा वो डस्ट से लपटाया हुआ है। न्यूज में पोर्टल चला था कि इस क्षेत्र कि जनता परेशन है विरोध दर्ज करा रही है जनसुनवाई के विरोध में उतर गये हैं उसके संदर्भ में कोई कार्यवाही नहीं की आपको केवल जनसुनवाई में बैठना है। हमारी बात आप पहुचायेंगे या नहीं आप उद्योग की बात जरूर पहुंचा देते हैं। लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को भी नहीं बुलाया गया है न ही रिपोर्ट सबमिट कराया गया है। इस क्षेत्र के जो बोर, तालाब नल है उनकी स्थिति देखिये क्या वह पीने योग्य है ऐसे भी कोई जानकारी उसमें नहीं है। लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग यहां रिपोर्ट प्रस्तुत करती जिसमें यहां की पानी गुणवत्ता जांच होती। रायगढ़ स्टेडियम में वायु मशीन है वह चालू नहीं है पीछले तीन महीने से देख रहा हूं मैं मुख्यमंत्री जनदर्शन में भी गया था मेरे लेटर को कलेक्टर साहब को ट्रांसफर कर देते हैं कलेक्टर साहब पर्यावरण अधिकारी को ट्रांसफर कर देते हैं और वह मामला ऐसे ही पेंडिंग रहता है आज

तक रिजल्ट नहीं आया लगभग तीन महीना हो गया आपको जानकारी होगी सर आपके पास कॉपी आया होगा। यहां जो पुलिस है वो हमारे सुरक्षा के लिये हैं लेकिन इससे लोगों में गलत मैसेज जा रहा लोग डर के माहौल में हैं मालाकार जी को बालने नहीं दिया गया पूरा प्रशासनिक अमला घेर लिया कहां का आदेश है कितना समय बोलना है कि 10 मिनट बोलना है उसके बाद हमें निकालियें अरे सर वो अपराधी थोड़ी है, बाहर के लोगों को आप सुनने के लिये बाहर नहीं जा रहें हैं। यहां बोलने नहीं दे रहे 5 मिनट 10 मिनट का समय है बोल रहे हैं। आदेश निकाल दीजिये इतना समय में बोलना है करके। लात नाला मामलें में लोगों के साथि खिलवाड़ हुआ उसके बाद पर्यावरण अधिकारी केवल 19 लाख का जुर्माना दिये हैं ये लोग जमा नहीं करेंगे नोटिस ये वो होगा फिर मामला न्यायालय में मामला विचाराधीन होगा एक बार एनजीटी जेएसपीएल का 162 करोड़ वहां जल का स्तर नीच हो गया था ये तमनार क्षेत्र की घटना है एनजीटी जेएसपीएल का 162 करोड़ का फाईन किया है वो अपील में चले गये। जिला प्रशासन विफल रहा है यदि जिला प्रशासन दबाव में है तो इस क्षेत्र की जनता उनके साथ है जिला प्रशासन साहस दिखायें आप लोग सम्मानिय पद व वैधानिक पद हैं कि आप जनता की बात सुनकर उपर वन पर्यावरण मंत्रालय व एनजीटी तक पहुंचाईयें कि प्रदूषण यहां ज्यादा पर प्लांट की यहां गुंजाईश नहीं है करके लेकिन नहीं करेंगे। इस क्षेत्र के एसडीपी तहसीलदार साहब को बुलाकर रिपोर्ट सार्वजनिक की जाये कि प्लांट से संबंधित कितने विरोध उनके पास दर्ज हैं कितने का परिणाम लगा कितने में राहत मिला ये उपलब्ध नहीं कराया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी का रिपोर्ट आपके पास नहीं आया है जबकि उस क्षेत्र की 80 प्रतिशत जनसंख्या बीमार है। दमा है, इस्तोफिलिया हैं, प्रिमैच्योर बच्चों का जन्म हो रहा है बच्चे कुपोषित हो रहा है ऐसी बहुत समस्या हैं इस संबंध में भी कोई आंकड़े नहीं लिये गये हैं। इस क्षेत्र की जनता के साथ खिलवाड़ मत कीजिये आप काम नहीं कर पा रहें तो उपर एनजीटी तक बात पहुंचाईये लेकिन आप नही कर रहे। जब यहां क्षेत्रीय कार्यालय खुला था पर्यावरण का तब लोगों में हर्ष का भाव था कि हमारी बात उपर तक पहुंचेगी, प्रदूषण कंट्रोल होगी, अधिकारी अपना दायित्व निभायेंगे और लोगों को प्रदूषण से मुक्ति दिलायेंगे। सार्वजनिक कार्यालय जो उद्योग से संबंधित है उनके आंकड़े सार्वजनिक की जाये। इस उद्योग व पूर्व उद्योग से क्या लाभ व क्या हानि हुई कितने बेरोजगार वहां काम करते हैं कितने को कोरोना काल मे मंदी का हवाला देते हुये काम से निकाल दिये सभी उद्योग की यही हाल है लेकिन आपने कोई कार्यवाही नहीं की। मैं निवेदन करूंगा सर इस क्षेत्र के जनता पुरूष, महिला, युवा, बच्चें है उनका भी एक बार सुन लीजिये और गांव का भी निरीक्षण कर लीजिये दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। इस क्षेत्र में प्रदूषण के कारण नर्क हो गया है उसको कोई रिकॉर्ड की आवश्यकता नहीं है खुले आंख से आप लोग देख सकते हैं। वायु गुणवत्ता की जो मशीन लगी है कलेक्टर जिला कार्यालय में वो 04 दिन तक चल ही नहीं रहा था। इसके संबंध में भी मैने शिकायत किया है। उसमें कोई आंकड़े नहीं आते। वह डिस्प्ले किसी

उद्योग के सौजन्य से लगाई गई है यदि कोई उद्योग निजी सौजन्य से डिस्प्ले लगाती है तो इसमें कितनी सच्चाई है स्वयं अंदाजा लगा सकते हैं। दुर्भाग्य की बात है रायगढ़ के शासकीय कार्यालयों के पास स्वयं का बोर्ड लगाने का पैसा नहीं है ये बात आप माननीय मुख्यमंत्री एवं अपर सचिव तक पहुंचाईये। एक यातायात थाना में देखिये मेसर्स उद्योग का नाम लिखा है वो लगवा लीजिये आपके पास पैसे नहीं है तो खाली पेन्ट करा दीजिये सर इतना बड़ा डिस्प्ले लगारक पब्लिसिटी करवाना नहीं है। महिला थाना में पाईप कंपनी अपना वो लगा रही है इससे पहले और थाना में इस प्रकर का म चल रही है। उद्योग को सहारा क्यों लिया जा रहा है शासकीय विभाग में पैसा नहीं है क्या बोर्ड लगवाने के लिये कि आप लोग उस उद्योग की गुणगान करना चाहते हैं कि उद्योग बोर्ड लगा के दे दिया मामला कुछ समझ नहीं आ रहा सर क्या उद्योग बोर्ड नहीं लागयेगा तो बोर्ड नहीं लगेगा सर। विकास क्या हुआ सर। सड़क पर देख रहे हैं कितना प्रदूषण है यही कारण है सड़क दुर्घटना का। रायगढ़ का धनत्व ज्यादा है यहां जितनी जनसंख्या है उससे चार गुना ज्यादा जनसंख्या है। एसडीएम, तहसीलदार, कलेक्टर साहब के पास कोई आकड़ा नहीं है कि कितने व्यक्ति उद्योग में काम करते हैं, उनका चरित्र प्रमाण पत्र संबंधी कोई भी दस्तावेज आपके उद्योग में नहीं हैं जिसके कारण निरंतर अपराधों का ग्राफ बढ़ रहा है वहां 4000 लोग काम करते है उनमें से 40 का भी डाटा नहीं है आपके पास। कुछ लोग जो अशिक्षित है उनको नहीं पता कि विरोध कैस करना है कुछ लोग यहां आकर विरोध करने से डर रहे हैं कि विरोध करने से धमकाया जा रहा है करके। सुबह से लोग 8 बजे से विरोध करने बैठे हैं कि माननीय पीठासीन व पर्यावरण अधिकारी आयेंगे उनकी बात को सुनेंगे उनकी 13 सूत्रीय मांग है। ये देखिये सर ये विरोध का माहौल है वहां पर जो लोग विरोध में आये है उनको सुने सर। उधर से आत तो उनके 13 सूत्रीय मांग को जानते सर। यातायात विभाग से सड़क दुर्घटना का कोई आंकड़ा प्रस्तुत नहीं किया गया है, 2001 से पहले के सड़क दुर्घटना का कोई आंकड़ा नहीं इस प्रकार कोई तुलनात्मक आंकड़ा प्रस्तुत नहीं किया गया है। मेसर्स सुनिल इस्पात द्वारा जो ई.आई.ए. प्रस्तुत किया गया है वो पूर्णतः गलत है किसान को, राजस्व को, आंगनबाड़ी के बच्चों को, गर्भवती महिलाओं को, युवाओं को जा नुकसान है सड़क दुर्घटना में जो मौत हो रही है इससे संबंधित कोई भी आंकड़ा प्रस्तुत नहीं किया गया है इसलिये इस जनसुनवाई को निरस्त किया जाये। ऐसे बहुत सी कमियां इस रिपोर्ट में है जो पर्यावरण पर प्रभाव डाल सकते हैं परन्तु सम्स्त विभागों से इकट्ठा कोई भी जानकारी प्रस्तुत नहीं किया गया है और रिपोर्ट को गुपचुप तरीके से बना लिया गया है। ई.आई.ए. में नियुक्त प्रतिनिधि इस क्षेत्र के जीवविज्ञान आदि का ज्ञान नहीं है जिससे सामाजिक दृष्टि से इस परियोजना का सही अवलोकन नहीं हुआ है। यह कि शुरूआती दौर में जनता दायित्व में अहमियत देना चाहिये इस विषय के जानकार पर्यावरण विद, शिक्षा विद, चिकित्सक, प्रभुत्व जन की राय नही ली गई है जिसके कारण वास्तविक समस्या को शामिल नहीं किया गया है तथा सही निष्कर्ष नहीं निकल सक रहा है इस संबंध में

सार्वजनिक सूचनायें सम्मिलित नहीं किया गया है और ई.आई.ए. रिपोर्ट तैयार किया गया है। यह कि इस क्षेत्र के स्थानिय तत्वों को समस्याओं को शामिल नहीं किया गया है न ही शासकीय विभागों के पूर्व व वर्तमान के तुलनात्मक व दस्तावेज आंकड़े प्रस्तुत नहीं किया गया है इससे पहले क्या लाभ हानि हुई और अब क्या लाभ हानि होगी। इस जनसुनवाई में जनता प्रतिनिधि 05 विधायक व सांसद हैं उनसे भी कोई राय नहीं ली गई है और न ही उन्हे यहां आमंत्रित किया गया है। रोजगार संबंधी कोई जानकारी नहीं है इस उद्योग द्वारा कितने बेरोजगारों को लाभ हुआ है। 2001 से लेकर 2020 तक 2,20,563 इस बात को हम बार बार बोल रहे हैं क्यों कि सुनवाई नहीं हो रही है शायद एक बार, दो बार नही तो तीन बार में होगा इसी आशा के साथ अपनी बात को बार बार रख रहा हूं मेरा निवेदन है कि वो सब सम्मिलित हों। साइबर सेल के माध्यम से भी इसका विरोध हो रहा है इसमें भी समस्या का अवगत करायें गयें इस पर भी कोई निर्णय नहीं हुआ न ही साइबर सेल से रिकॉर्ड लाना उचित समझा। यहां एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस अधीक्षक यहां है सभी प्रशासनिक अधिकारी को भी इतना दबाव बनाया जाये कि वो विरोध नहीं कर सकते करेंगे तो स्थानांतरण कर देंगे वो हमारे पक्ष में हैं क्योंकि हमें जो कष्ट हैं उन्हे भी वही कष्ट है। ऐसा नहीं है कि इस क्षेत्र के टी.आई. क्षेत्र परेशान नहीं है कि उनको भी सबसे ज्यादा परेशानी है आय दिन विरोध आन्दोलन है कही न कही दबाव है तो मैं निवेदन करता हूं यही निरस्त किया जा सकता है। एक एक पुलिस अधिकारी प्रशासनिक अधिकारी का अभिमत यहां दर्ज किया जाये। माननीय पीठासीन व पर्यावरण अधिकारी से भी अनुरोध है कि वे भी अपना विचार रखें कि इस उद्योग से क्या हानि क्या लाभ है आप लोग दे देते हो एन.ओ.सी. और उनको मिल जाता है समर्थन उसके बाद वो लगातार नियमों की अवहेलना करते हैं आप बस नोटिस जारी कर देते हैं आपका काम खत्म। जल संसाधन के अनुसार इतने उद्योग का जल बिल बकाया है ये कब तक इसका वसूली कब तक होगी इतना बता दीजिये। अगर वसूली नहीं कर पायेगा जिला प्रशासन तो ऐसे उद्योगों का तालाबन्दी करें। 2,20,563 बेरोजगार हैं उनको कितने दिन के अंदर रोजगार मिलेगा और ये आंकड़े जिला प्रशासन कब तक सार्वजनिक करेगा। ये प्रशासनिक रिकॉर्ड है सर प्रमाणित दस्तावेज है सर। इस तरह दबावपूर्वक जनसुनवाई मत करवाईये सर। एनसीसी व एनएसएस के बच्चों को लगाईये सर स्काउट गाईड के बच्चों को लगाईये शांति व्यवस्था में। शिक्षाकर्मी टीचर को क्यों नही बुलाया जाता बाकी में तो बुलाया जाता है। अभी साहब बोल रहें है चलिये करके अभी कोई समर्थन करने आये तो 02 घण्टा बोलेगा तो उसे चल करके नहीं बोलेंगे। बहुत दुखी मन से मंच छोड़ रहा हूं प्रशासनिक दादागिरी से ये जनसुनवाई हो रहा है। मैं इसका पूरजोर विरोध करता हूं इस तरह की जनसुनवाई भविष्य में आयोजिन न की जाये लोगों के मन में भय बनाकर इस तरह के जनसुनवाई का आयोजन न किया जाये सर। बहुत बहुत धन्यवाद मैं आशा करता हूं कि आप मेरी बात को गंभीरता से सुने होंगे और उसका निराकरण करेंगे।

762. – हम न विरोध में है न समर्थन में है हमारे 13 सुत्रीय मांगो को लेकर आये है। हम अपना 13 सूत्रीय मांग इनको सौंप रहें है (1) संयंत्र से निकलने वाला काला धुंआ पूर्ण रूप से निकासी बंद हो (2) संयंत्र के विस्तार प्रयोजना से प्रत्येक किसान को 5000 रूपये क्षतिपूर्ति प्रदान की जाये (3) सीएसआई द्वारा नवीन उपकरण स्थापित किया जाये (4) मेसर्स सुनिल इस्पात के प्रदूषण व फ्लाई ऐश डस्ट से सब्जियों परत जीम से बचाव द्वारा सभी दुकानों को सही मूल्य प्राप्त नहीं हो पा रहा है अतः मेसर्स सुनिल इस्पात। मैं सिर्फ यहीं कहना चाहूंगा कि आप लोग पीछू के गेट से आये तो क्या जाते समय भी पीछे का रास्ता अपनायेंगे। अगर बोलदो कि पीछे से जायेंगे तो हम लोग वहां धरना डालेंगे हम लोग अपना दुखड़ा किसको बतायेंगे। समर्थन वाले पर्यावरण के बारे में बताये थे कि प्लांट से क्या फायदा होगा पर्यावरण को। चोरी करने वाला ही पीछे का रास्ता अपनाता सहीं काम करने वाला सीना तान के चलता है। आप सही होते तो आगे से आते न कि पीछे से। सुनिल इस्पात का गाड़ी पलटी हो गया था गाड़ी को ले आये डस्ट को कौन लायेगा उसे गांव वाले खायेंगे। सिर्फ यही बोल दीजिये सामने से जायेंगे या पीछे से । सुनिल इस्पात दिन में 80 लाख रूपये कमा रहा है हमारा 13 सूत्रीय मांग उसके 2 प्रतिशत के बराबर है उसको पूरा नहीं कर पा रहा है तो क्या करेगा वो। उसमें लिखा है 40 प्रतिशत मूलनिवासियों को काम देगा लेकिन गांव के 04 आदमी भी वहां काम नहीं कर रहे हैं। मैं काम मांगने गया था बोले जनसनुवाई के बाद आना, जनसुनवाई का काम खत्म नहीं हुआ और चिमनी का काम चालू हो गया उनको पूरा विश्वास है जनसुनवाई में पूर्ण रूप से समर्थन मिलेगा या आपके बात हो चका होगा तभी वो अपना काम पूरा कर चुके हैं। मेरे को जवाब चाहिये सामने से जायेंगे या पीछे से। मैं अपने परिवार के साथ आया हूं मेरी तीन साल की बच्ची भी आई है वो बोली क्या करने आयें हैं तो मैं बोला हक के लिये वो बोली साहब पीछे रास्ते से क्यूं गये हैं क्या वे गलत काम कर रहें हैं जब तीन साल की बच्ची यह सवाल पूछ रही है। परियोजना के संबंध में क्या बोलें सर आप लोग तो पीछे का रास्ता अपना रहे हैं। धन्यवाद।

763. – हम सुनिल इस्पात का न समर्थन करने आयें हैं न हम विरोध करने आयें हैं हम केवल ग्रमीण महिलाऐं जो प्रताड़ित हैं डस्ट से काला धुंआ से उनके लिये हम अपना मांग देने के लिये उपस्थित थे मेनगेट पे। महोदय जी उधर से नहीं आये अन्य गेट से आये इसके लिये हमें अन्दर से बहुत पीढ़ा हो रही है। हम सिर्फ 13 सूत्रीय मांगों का विज्ञापन देना चाहते थे। इससे भी पूर्व हमारे गांव के युवा वर्ग गये थे पर्यावरण ऑफिस या जहां भी गये थे उसका अभी तक कोई निराकरण नही हुआ। धूल डस्ट की वजह से किसी व्यक्ति को रायपुर तक रेफर किया जा रहा है आंख के लिये, सीना के लिये, फेफड़ा के लिये इसका जिम्मेदार सिर्फ और सिर्फ सुनिल इस्पात फैक्ट्री है। हम सिर्फ उनको अपना मांग के लिये बोल रहे थे वो बोले 09 व 11 तारीख को आकर जितने भी ग्रामीण जनता से मिलेंगे आज रात को जिनको जेब गरम करना था कर चुके। सुनवाई सिर्फ सुनिल इस्पात की हो रही है न कि हमारे गांव की पीड़ित व्यक्तियों की

हो रही है। मैं इस जनसुनवाई को घोर अपराध समझती हूं। मेरे गांव के ऊपर जो अत्याचार हो रहा है उसको मैं स्वयं सरकार के ऊपर थोपती हूं क्या जिम्मेदारी लेते हैं वो जाने

764. शसिता गुप्ता, लाखा – मैं अपने गांव को प्रदूषण से बचाने के लिये आई हूँ। हमारे गांव में जो डस्ट प्रदूषण है वो वो आने वाली पिढ़ी पर अस्वच्छता है जो हमारे गर्भवती महिला को बोला जाता है हमारे ट्रेनिंग में शिशुवती को, किशोरी को हरा साग सब्जि खिलाओ ये सब कहा से खिला पायेंगे डस्ट को खिला रहे हैं आज हमारे जनता के लिये बहुत दुख की बात है हमारा किस्मत की फुटा है कि हमारा साथ कोई नहीं दे रहा है बस हमारे 13 सुत्रीय मांग को पूरा करें हमारे युवा को रोजगार दें हमको भी जीने दें और वे भी जी जायें। हम फैक्ट्री बंद करने नहीं न लड़ाई करने आये है हम अपना अधिकार मांगने आये हैं। शासन और स्वास्थ्य मंत्री, पर्यावरण मंत्री, कलेक्टर महोदय से हमारा निवदेन है हमारे लाखा गांव का बचा लें हमारे किसान को बचा लें। धन्यवाद।

765. कुलदीप – गांव वाले के साथ अन्याय हो रहा है। मैं गांव वालों के समर्थन में हूं 13 सुत्रीय मांगो को जल्द से जल्द पूरा किया जाये नहीं तो उग्र प्रदर्शन किया जायेगा। इसकी जिम्मेदारी प्लांट की होगी शासन प्रशासन की होगी इसके साथ ही मैं अपना ज्ञापन सौंपता हूं।

766. दिनेश कुमार बंजारे – मैं गांव वाले के विकास के लिये आया हूं हम गांव के विकास के लिये आये है डभरा से हम यहां आज ज्ञापन सौंप रहें हैं अगर इनका 13 सुत्रीय मांग पूरा नहीं होगा तो हम लोग उग्र आंदोलन करेंगे। आप लोगों को हम लोग चेताने आयें हैं।

767. कामेश्वर प्रसाद डनसेना – सुनिल इस्पात द्वारा फैलाये गये प्रदूषण के लिये जनसुनवाई हेतु आपत्ति हेतु ज्ञापन सौंपने आयें हैं।

768. संजय सोनी – मैं आज पहला जनसुनवाई में आया हूँ। कोई भी विषय होता है हम उसके दोनो पहलुओं को देखतें हैं मेरे आने से पहले लोगों ने प्रदूषण के बारे में कहा इन्होनें घरघोड़ा रायगढ़ रोड में जो इंडस्ट्री हैं उनसे बहुत प्रदूषण हो रहा है इसको कम करने के लिये प्रशासन व हम सबको कार्य करना चाहिये ये हम सब की जिम्मेदारियां है लेकिन एक उद्योग से सारा प्रदूषण नहीं होता कुछ हद तक होता है जिसे सुधार किया जा सकता है और मेरा अनुभव कहता सुनिल इस्पात कोशिश कर रहा है क्योंकि ग्रामवासी गये हैं तो उन्होने उसको सुना है। कोशिश रहीं है कि उनकी समस्या का समाधान किया जाये। जहां तक बात है रोजगार की कोरोना में यातायात व अर्थव्यवस्था ढप पड़ी हुई थी लोक कर्जे में डूबे थे परेशान थे उस वक्त मैं भी बेरोजगार था मुझे भी रोजगार की तलाश थी। उस समय सुनिल इस्पात का चालू होना और लोकल लोगों को रोजगार देना बहुत बड़ी उपलब्धि है मेरा मानना है इसने लाभ पहुंचाया वहां के महिलाओं को, पुरूषों को, युवाओं को रोजगार दिया। आगे भी यही प्रयास है हमारे लोकल लोगो को अधिक से

अधिक रोजगार दिया जाये हर चीज में। मेरा समर्थन है ये प्लांट आगे बढ़े हमारे पर्यावरण को ध्यान में रखते हुये सुचारू रूप से संचालित करें। धन्यवाद।

769. राहुल – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

770. खीरसागर मालाकार, तराईमाल – मैं आज की जनसुनवाई का ड्रामा देख रहा हूँ कि लाखा चिराईपानी के नौजवान साथियों को बहला–फुसला कर अपने मार्ग से भ्रमित करके कुछ लोग ले आयें हैं और वे लोग 20, 22, 24 साल के लड़के माईक पर आके फंद कर दिये हैं। मेरा उद्योग प्रबंधन से बात हुआ कि ये लोग क्यों नाराज क्यों हैं उनका कहना था कि ये 04 दिन पहले 01 किलो गोभी लेकर आये थे और 01 लाख मांग रहे थे। ये महज ही फंद है मेसर्स सुनिल इस्पात ग्राम– चिराईपानी ग्राम पंचायत –लाखा में बसा है इन्होने अपनी ई.आई.ए. में लिखा है कि 15000 टीपीडी क्षमता विस्तार को ये लोग डबल करना चाहते हैं तो इसमें व्यवसाय के अवसर भी डबल आ रहें हैं। इनके प्लांट में 245 मजदूर कुशल मजदूर उसमें से 30 प्रतिशत इन्होने ई.आई.ए. में इन्होनें लिखा है। इनकी क्षमता स्पंज आयन की 1.15 है 245 है तो ये डबल होगा तो 500 होनी ही है तो मजदूरों के एक व्यवसाय के अवसरों के लिये जो दुगुनी प्रयास कर रहें है उसके प्रयास के लिये ताली चाहूंगा मैं साथियों से। इण्डक्शन फर्नेस लगा रहें हैं उसमें भी प्लेटिन, एम.एस.इंगाट्स, रोलिंग मिल इत्यादि बहुत व्यापक पैमाने पर अपने उद्योग का विस्तार कर रहें हैं। उस व्यापकता को देखते हुये हमें भयभीत नहीं होना है सुनिल स्पंज आयरन तराईमाल, लाखा, चिराईपानी क्षेत्र में विस्तृत है। सुनिल इस्पात का एम.डी. भी हमारे तरह एक इंसान है उसे हमें कन्वेंश करना है कि ये हमारा पढ़ा लिखा आदमी है इसे योग्यतानुसार काम दिया जाये। हमारे कुछ साथी हैं पढ़े लिखे हैं कुशल हैं, अकुशल हैं मेरे पास लोग एक आशा से आते हैं कि प्लांट में, पंचायत में नौकरी लगवा दीजिये। मैं लगभग औसत में 15 लोग को महीनें में नौकरी लगवाता हूं। उनकी जो क्वालिफिकेशन है उससे वे ऊंचे पद चाहते हैं तो यह संभव नहीं हो पाती है यही विडम्बना रहती है उद्योगों के पास। उसके लिये उद्योग वाले अलग से व्यवस्था करने की बात करतें हैं। मैं साल 2005 से 2010 तक सिंघल इंटरप्राइजेस में काम किया। मैंने सॉफ्टवेयर इंजीनियर का 03 साल का कोर्स किया है। सिंघल वालों ने मुझे 1800 रूपये वेतन प्रतिमाह दिया था जो कि 03 साल में 11200 रूपये हो गया था। प्लांट वाले मौका देते हैं कि कुछ करके दिखाओं प्लांट वाले भी काम के अनुसार दाम देते हैं। उद्योग वाले शोषण नहीं करते शासकीय नौकरी नहीं मिलते तो प्लांट में नौकरी करके हम गुजारा करते हैं अगर प्लांट नहीं रहते तो हम एम दूसरे को नोंच के खाते रहते जितना जनसंख्या है हमारे देश का रोजगार के अवसर कम है और मंहगाई इतनी कम है। लोग बोल रहे हैं मंहगाई बढ़ गई पर वे यह नहीं जानते कि मंहगाई क्यों बढ़ रहा है। मैं गांव में राशन बांटता हूं 527 राशनकार्ड हैं, 527 राशनकार्ड में से बीपीएल राशनकार्ड 400 हैं उनसे चावल का पैसा नहीं लेना है तो ये चावल आई कहां से। हमारे स्थापित उद्योगों के टैक्सेस से ही ये राशन बीपीएल कार्ड वालों को मुफ्त में

दिया जा रहा है। अर्थव्यस्था में इनका योगदान 70 प्रतिशत का है। मेरे छोटे भाई लोग यहां आये बोले कि फैक्ट्रिया कुछ काम नहीं करतीं हैं परन्तु फैक्ट्रिया इनता काम करती हैं कि मेरे दिमाग में डाटा फिट नहीं हो सकता। मैने 05 साल तक लगातार खनिज शाखा से सीएसआर की जानकारी मंगवाई पहले मुझे लगा ये फर्जी रिपोर्ट है फिर अवलोकन किया तो पता चला कि उसमें से ज्यादातर काम मैनें ही उद्योग वालो को कहकर करावाया था कि आज उस स्कूल में वो बना दो, बंजारी मंदिर में ये चीज बनवा दो कहके। मेरा परिवार स्वयं के प्रगति के बारे में न सोंचकर समाज के प्रगति के बारे में सोंचता है। बंजारी मंदिर का यहा प्रांगण भी मेरे दादाजी के परिवार द्वारा दान दिया गया है। हाई सेकेण्ड्री स्कूल तराईमाल में सीएसआर मद में माननीय कलेक्टर महोदय के अनुशंसा में हमारे आवेदन में 27, 27, 60, में हाई एवं हाई सेकेण्ड्री स्कूल बन रहें हैं। उनके द्वारा स्लाईडर, टाईल्स लगवाया जायेगा जो कि दिल्ली पब्लिक स्कूल जैसे बना रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी ये मदद करते हैं प्रिंटर मांगे तो दिये। पिछला एन.आर. का जनसुनवाई था उनसे मैने कहां कि स्कूल में आ.ओ. लगवाना है उन्होनें वहां आर.ओ. लगवा दिया। हमारे यहां डस्ट ज्यादा है ऐसा लोग बोलतें हैं, तो मैने उद्योग के अन्दर में काम किया है वहां ईएसपी लगा रहता है जो कि एक डस्ट कंट्रोल इक्युविपमेंट हैं। मैं बीच बीच में ईएसपी का रीडिंग करता था और जब ईएसपी नहीं चल रहा होता था तो मैं संबंधित अधिकारी को बता था कि आपके यहां ईएसपी नहीं चल रहा है तो वे बोलते थे मेंटनेंस के कारण नही चल रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी इनका योगदान रहता है हमारे यहां ट्रामा सेंटर बनाये हैं। एन.आर. के बारे में बात करना चाहूंगा रोजगार के बारे में जितना क्षमता विस्तार करते हैं उतने ही लोगों को रोजगार दे रहें हैं। रोड की जर्जर स्थिति के लिये लोग कंपनी को जिम्मेदार ठहरातें हैं परन्तु कंपनी द्वारा जितना टैक्स दिया जाता है उससे गरीब को चावल न देकर गरीब को स्वालम्बी बनाकर उसका प्रयोग रोड बनाने में किया जाये तो स्वर्ण का लेयर बिछा सकते हैं इतना पैसा है टैक्स में यहां पर। निर्धन्य कन्या विवाह में भी यह योगदान देतें हैं किसी के दशकर्म के लिये भी योगदान देतें हैं सहयोग करते हैं कि धन्यवाद कह दूं तो मेरे लिये कृतघ्नता की बात होगी। मैं सुनिल इस्पात का अपने 16 पंचों की सहमति लाया हूं जो कि जमा कर रहा हूं साथ ही मैं इसका समर्थन करता हूं।

771. देवचरण, चिराईपानी -- मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।
772. अजय, – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।
773. नोगेन्द्र – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।
774. सुमित – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।
775. सुधबीर सिंह – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।
776. शाहिल – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।
777. लक्की – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

778. बिनु दिवाकर – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

779. राजू, तराईमाल – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

780. शुभम – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

781. आकाश – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

782. प्रदीप – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

783. राजू, तराईमाल – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

784. कौशल – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

785. देवेन्द्र – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

786. रवि – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

787. जय सिदार – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

788. सूरज, तराईमाल – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

789. विकास, तराईमाल – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

790. सागर, रायगढ़ – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

791. सौरभ – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

792. प्रकाश, रायगढ़ – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

793. शिवराज चौहान, रायगढ़ – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

794. मानस – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

795. अर्जुन – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

796. राहूल – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

797. विकास – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

798. राजकुमार – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

799. कैलाश – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

800. कृष्णा – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

801. संजय – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

802. अनुराग – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

803. विकास, लाखा – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

804. हरप्रित सिंह – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

805. मधुसुदन, चिराईपानी – इस क्षेत्र में बहुत ही पर्यावरण का नुकशान हो रहा है यहां सघन उद्योगो का बसाया नहीं जाये। यहा जल, जंगल, जमीन का नुकशान हो रहा है इस संबंध में बहुत भाषण को चुका है।

मैं पर्यावरण का हितैशी होने के कारण मैं सुनील इस्पात का विरोध करता हूँ और प्रदूषण नियंत्रण में उनको नोटिस भेजा जाये मैं उनसे अनुरोध चाहता हूं। जय हिन्द। जय भारत।

806. पप्पु डनसेना, चिराईपानी – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

807. नवीन, चिराईपानी – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

808. अर्जुन, चिराईपानी – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

809. शुभम, चिराईपानी – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

810. रघुराम – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है। मेरे कुछ लोग कह रहे थे हमे रोजगार नहीं मिल रहा है मैं उनसे पूछना चाहता हूं रोजगार तो हर एक को मिल रहा है, जनसंख्या बढ़ा है किसी का दुकान चल रहा है, किसी का किराय का मकान चल रहा है, हर प्रकार से आदमी को सुविधा मिल रहा है रोजगार स्वयं से कर सकते हैं धन्धा करके, ठेकामिल रहा है बहुत से ऐसे काम मिल रहें हैं उनको प्लांट के आने से इसलिये मैं सुनिल इस्पात का समर्थन करता हूं।

811. प्रवीण, – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

812. प्रांजल – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

813. उदय, – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

814. जय डनसेना – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

815. रामकुमार, लाखा – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

816. चंद्रराम, लाखा – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

817. कन्हैयालाल, – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

818. – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड कंपनी का जो विस्तार हो रहा है यहा बात समर्थन और विरोध की नहीं है। सरकार उद्योगो के माध्यम से रोजगार देने के लिये खुद आगे आ रही है। हमारे प्रधानमंत्री भी रोजगार को बढ़ावा देने शासकीय जगह में भी प्राईवेट सेक्टर में काम दे रहें है। शासकीय में किसी का सैलरी 50000 है तो उसे प्राईवेट में 05 आदमी को 10000 में रोगजार दिया जा रहा है इससे 05 परिवार को रोजगार मिल रहा है। रोजगार को बढ़ावा देने के लिये कंपनी का विस्तार किया जा रहा है। युवा काम करना चाहता है, तो काम मिलेगा आज के जमाने में 40 प्रतिशत युवा काम करना ही नहीं चाहते। यहा 56 प्लांट लगे हुये है लोगो को किसी ना किसी कंपनी से रोजगार मिल रहा है। स्थानीय लोगों को रोजगार देने के लिये रूपरेखा बनी हैं माननीय मुख्यमंत्री जी एवं जिलाध्यक्ष द्वारा नजर रखी गई है। जरूरी नहीं कि पर्यावरण अधिकारी या कलेक्टर यहां बैठे नहीं बैठेंगे फिर भी जानकारी वहां पहुंच रही है। स्थानीय लोग को न्यूनतम सरकारी दामों पर रोजगार मिले। इस कंपनी का मैं समर्थन करता हूं। जय हिन्द, जय भारत, जय छत्तीसगढ़।

819. कैलाश बेहरा – मैं सुनील इस्पात को बधाई देना चाहता हूँ कि उनका जनसुनवाई सफल हो गया भले ही पैसे के दम पर सफल तो हुआ, भले ही लोगो के आवाज को दबाकर, किसानों के आवाज को दबाकर, बाहर से आदमी लाकर सफल तो हुआ। मैं इस जनसुनवाई कराने वाले कार्यक्रम का विरोध करता हूं। हम 08 बजे से वहां बैठे थे कि आप आकर हमारी बात सुनेंगे लेकिन आप पीछे वाले रास्ते से आ गये मुझे समझ में नहीं आया। उसके बाद अनुचित रूप से समर्थन विरोध करने वालों को दूसरे रास्ते से लाया गया जिसमें न उनकी एन्ट्री हुई न थर्मल स्क्रीनिंग हुई सीधा आके समर्थन विरोध किये। यह एक धार्मिक स्थल है बंजारी माता का प्रांगण आप यहां जनसुनवाई का अड्डा बनाकर रखे हो यह उचित नहीं है। अगर आपको यही जनसुनवाई कराना है तो भवन बनवा दीजिये क्यों टैंट व बम्बू का खर्चा लगाते हैं एक बम्बू उखड़ नहीं पाता कि दूसरा जनसुनवाई आ जाता है यहां पर। सारे प्लांट मिलकर भवन बनवां दे यहां पर जिससे इसका नाम जनसुनवाई भवन रख दें आप। मैं अधिकारियों से पूछना चाहता हूं क्या सोच के यहां जनसुनवाई का एनओसी देते हैं क्या लाखा चिराईपानी के आस–पास खाली जगह नहीं है क्या प्लांट वहां जनसुनवाई नहीं करा सकता। यहां से प्लांट की दूरी 5.5 कि.मी. है वहां के निवासी समर्थन विरोध करने यहां पर कैसी आयेगी प्लांट या शासन इसके लिये कुछ व्यवस्था की। वोट होता है जो उसी ग्राम पंचायत का व्यक्ति ही वोट डालता है स्थानीय लोगों को प्राथमिकता मिलना चाहिये बाहर से आये लोगों को ऐसे ही घुसा दें रहें हैं कोई बिहार, उ.प्र., झारखण्ड से आया है जो यहां काम करने आया है उसको समर्थन करा दिया जा रहा है ये तो गलत है। तराईमाल में स्थानीय लोगों से ज्यादा बाहर के लोग हैं मैं ये नहीं कहता कि वे हमसे अलग हैं वे हमारे ही देश के नागरिक हैं हम यहां रहते हैं हमारा घर है यहां पर हमारा अधिकारी पहले है उनको पैसे के दम पर समर्थन दिलाने लाया जा रहा है यहां ज्यादा प्रदूषण होगा तो वे कहीं और स्थानांतरित हो जायेंगे हमारा घर है यहां पर हम कहां जायेंगे। हमारे शुभम मालाकार जी का 10 एकड़ खेती है यहां पर लेकिन वो जमीन बंजर पड़ी है सर। इस जनसुनवाई में धांधली हो रहा है, किसानों, युवाओं के आवाज को दबाने का किसानों के जमीन को बंजर बनाने का, महिलाओं के आवाज को दबाने का, फसलों को नष्ट करन का इन सभी के समर्थन विरोध का सौंदा किया जायेगा। आपलोग और अन्य लोग भी पीछे के रास्ते से आयें हैं इससे स्पष्ट हो रहा है कि धांधली हुई है। इस जनसुनवाई को निरस्त कीजिये। सुनिल इस्पात का जनसुनवाई का एनओसी देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि आपको इस क्षेत्र के लोगों से कोई मतलब नहीं है आपको अपने सम्मान से मतलब है। आपको किसान, बेरोजगर, बच्चों एवं महिलाओं से मतबल नहीं है आपको उद्योगपतियों से मतलब है। अगर आपको चिन्ता होती तो लाखा और चिराईपानी के युवा आय दिन श्रम विभाग, कलेक्ट्रेड, पर्यावरण विभाग के चक्कर काट रहें हैं आपको सुनाई नहीं देता क्या सर, अपना चप्पल घिंस रहें हैं सर उनका तो सुन लेते सर। प्रदूषण इतना है कि पैर जम जाता है प्रदूषण का पता नहीं क्यों अधिकारी नहीं देख पाते इस चीज को। अपने ई.आई.ए. में लिखतें हैं स्थानीय लोगों को बेरोजगार देंगे लेकिन उस क्षेत्र के 10 प्रतिशत लोगों को भी रोजगार नहीं दियें हैं। सन् 2000 के बाद प्लांट बसना चालू हुआ लोग बाहर से आये झारखंड, बिहार, उ.प्र. से अब ये झारखंड बन

गया है उनको हम यहां के नागरिक द्वितियक श्रेणी में मानेंगे प्राथमिक श्रेणी में नहीं मानेंगे। जो सन् 2000 से पहले बसे हैं वो प्राथमिक श्रेणी में आयेंगे उनको रोजगार दीजिये। रायगढ़ में सुघ्घर रायगढ़ लिख के रखे हो कोई मतलब नहीं है उसका। प्लांट वाले तो लग्जरी गाड़ी में घूमतें हैं आप यहां से बाईक में रायगढ़ जाईये आपके परिवार के लोग आपको पहचान नहीं पायेंगे। समर्थन विरोध का इतना धांधली चल रहा है प्लांट का नाम नहीं पता सुनिल भैया को समर्थन बोलते हैं। आपको बोलना चाहिये क्यो समर्थन है क्यों विरोध पहले अपनी बात रखें फिर समर्थन विरोध नोट करें लेकिन आपको क्या मतलब है। प्रदूषण के कारण इतने वनस्पति नष्ट हो चुके हैं रिकॉर्ड नहीं है सरकार के पास यहां के सभी जंगली जानवर पलायन रक रहें हैं धीरे–धीरे उससे मतलब नहीं सरकार को। उनको बस उद्योगों के विकास के मतलब है। आपका ईआईए रिपोर्ट पढ़ा मैने पूरी से फर्जी है, फोटोकॉपी है। आप बोलते हो प्रदूषण नहीं होगा तो जो पत्तियों में काला डस्ट है वो तो हमारे घर से निकलता है? जिनको मवेशी खाते है उनका दुनियाभर का रोग लगता है। रोड के किनारे से जो डस्ट है वो तो हम लोग ले के रख देते हैं? उसमें प्लांट का कोई योगदान नहीं है। कच्चे माल व डस्ट को ट्रक में ढककर ले जातें हैं, दिन में मैं 40 ट्रक देखता हूं जो बिना ढके जाते हैं वो क्या हमारे घर के डस्ट को लेकर जाते हैं? आज तो आपलोग पैसे के दम पर जनसुनवाई करवा लिये। अभी तक 818 लोग बोल चुकें हैं इसमें 800 मान लीजिये समर्थन है काफी खर्चा किये हो सर। 18 लोग का विरोध है। लगभग 750 लोगों को पता ही नहीं होगा कि किस प्लांट का जनसुनवाई है कि पैसे लेकर आये हुये लोग थे। आय दिन रायगढ़ से घरघोड़ा–तमनार रोड पर एक्सीडेंट होते हैं हम ही करवातें होंगे एक्सीडेंट? प्लांट का तो उसमें कोई योगदान नहीं है इसमें। आप कहते हो आर्थिक स्थिति में सुधार होगा रोजगार कि संभावनायें बनेंगी, मेडिकल चेकअप होगा, स्थानिय को प्राथमिकत मिलेंगी, समाज कल्याण के लिये अलग से बजट आमंत्रित किया जायेगा, गलत बोलते हो आप केवल आपका आर्थिक स्थिति सुधरेगा, आपके तिजोरी में पैसा जायेगा। स्थानिय व्यक्ति केवल मजबूर होगा अपना स्थान, घर छोड़ने के लिये। रोजगार बाहरी व्यक्ति को मिलेगा, मेडिकल बाहरी व्यक्ति का होगा। सन् 2000 से तराईमाल क्षेत्र में उद्योग है आज तक मेडिकल चेकअप का नाम नहीं सुना। एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तक नहीं है, अभी खुल रहा होग अलग बात है वो। रही बात बाद में बजट आमंत्रित करने का वो लाखा चिराईपानी के किसान सब्जी लेकर आयें हैं उनके सब्जि नष्ट हो जा रहें हैं उनको तो देखें, बजट छोड़िये क्या कर लीजियेगा बजट लेकर के। स्कूल खुलने से कुछ नहीं होगा सर शिक्षक होने चाहिये। सीएसआर मद से शिक्षक का व्यवस्था नहीं कर पाये ऐसे करेंगे विकास। प्लांट स्थापित होने के बाद सबसे बड़ा मुद्दा होता है मजदूरों के सेफ्टि का लेकिन प्लांट पैसा बचाने के लिये बिना सेफ्टि शू, बेल्ट व हेलमेट के काम कराता है। इसके वजह से सिंघल जैसे प्लांट में हर हफ्ते 03 एक्सीडेंट होता है लेकिन उससे मतलब नहीं है सरकार को उसे पैसे से मतलब है। मैं अभी ज्ञापन दिया था सिंघल के खिलाफ उसके बाद 4–5 एक्सीडेंट हो गया सिंघल में। सिंघल इनर्जी में जो फर्नीस फटा था जिसमें 5–6 मजदूर घायल हो गये थे जब मैने उनसे बात की तो पता चला कि ये घटना भी सेफ्टि इशू के कारण ही हुई है लेकिन आपको इससे क्या। सुनिल

इस्पात का गार्ड तक चप्पल से गेट खोलता है अन्दर की स्थिति के बारे मैं क्या ही बोलूं। बदनाम प्लांट है उसके बाद भी पैसे के दम पर जनसुनवाई करवा लिये धन्यवाद है आपको। जनसुनवाई के बाद भी युवाओं का परिश्रम जारी रहेगा आपके खिलाफ हम आर्थिक नाकाबंदी की घोषणा करते हैं इसी के साथ मैं इस प्लांट का घोर विरोध करते हुये अपनी वाणी को लगाम देता हूं।

820. कान्हुराम गुप्ता, लाखा – आज हम लोग जनसुनवाई स्थल में धरना प्रदर्शन किये थे जनसुनवाई हुआ तो उसका क्या हुआ, क्या नहीं हुआ इस छायाप्रति प्रदान करने की अनुरोध करता हूं। तो उस पर क्या कार्यवाही हुई हम जानना चाहते है। हम लोग गांव में रहने वाले है।

821. नटराज डनसेना – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

822. राजू – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

823. रंगलाल डनसेना, चिराईपानी – मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

824. राधेश्याम, चिराईपानी -- मेसर्स सुनील इस्पात एण्ड पॉवर लिमिटेड का समर्थन है।

825. सेवकराम डनसेना, चिराईपानी – यहां जितने भी प्रदूषण हो रहे है जितने भी आस पास के कंपनियां जिम्मेदार है आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं कि इस प्रदूषण जिसको हम लोग दण्डस्वरूप झेल रहें उससे हमें मुक्ति दिलायें। मैं सर विकास का विरोधी नहीं हूं। मैं मानता हूं कि फैक्ट्रि के आने से विकास भी होता है और विनाश भी होता है विकास के साथ–साथ विनाश को बढ़ावा ना दे क्योंकि उनको यहीं रखना है यही जीना है तो मैं विकास की एक अपेक्षा रखते हुये मैं सुनिल इस्पात का समर्थन करता हूं।

826. भोजराम भट्ट, गेरवानी – मेरे को कंपनी के विरोध और समर्थन से कोई मतलब नहीं है पिछला बार एनआरव्हीएस के समय आया था सुझाव दिया था अभी भी सुझाव दे रहा हूं कि रोड में जिस प्रकार धूल डस्ट है पर्यावरण में गंदगी है उससे कुछ निसात हो पानी छिड़काव हो हमारे एरिया में।

827. सरोज गुप्ता, लाखा – 03 जनवरी 2008 को जब केलो डुबान प्रारंभ हुआ उसको बनते बनते 5–6 साल लग गया। 2012 में पूरा हुआ तो पुराना लाखा को विस्थापन कर नया लाखा बनाया गया। नया लाखा मेसर्स सुनिल इस्पात के पास स्थित किया गया। उस कारणवश हम लोग को तकलीफ हो रहा है, डस्ट हो रहा है, आज उसी कारणवश किसान भाई, युवाभाई, महिला विरोध दर्ज कर रहें हैं सड़क के किनारे बैठे है उनको मैं तहेदिल से स्वागत करता हूं अभिनंदन करता हूं एवं उनका मान सम्मान रखने के लिये यहां दो शब्द बोल रहा हूं। लाखा के कोई भी लोग बंजारी मंदिर में 29 जनसुनवाई हो गया कि इतना तादात में समर्थन या विरोध करने नहीं आये थे। आज उनको तकलीफ हुआ जो भी सब्जी उत्पादन कर रहें है उसमें काला डस्ट जमा हो रहा है इस कारण उन्हे तकलीफ हुआ है उस कारण वे लोग सुबह से आज बैठें हैं मैं उनको आश्वासन देता हूं जो 13 सूत्रीय मांग है जो जायज है उनको मैं उद्योग प्रबंधन से या माननीय कलेक्टर महोदय या एसडीएम महोदय या तहसीलदार महोदय से या हमारे क्षेत्र के थाना प्रभारी से कि जो जायज मांग है उसको पूरा करें। मैं मेसर्स सुनील इस्पात का पूर्ण रूप से समर्थन करता हूं। हमारे क्षेत्र में उद्योग आयेगा तभी हमारा विकास होगा, विकास तभी होगा जब वहां के बेरोजगार को रोजगार मिलेगा जो दिशा से भटक रहा है। हमारा क्षेत्र दारू क्षेत्र है जब से केलो डूबान बना है लाखा में कोई रोजगार नहीं है,

हफ्ते में 08 दिन नदी किनारे बस शराब बनता है इसका शिकायत मैं 2012 से 2021 तक करते आ रहा हूं उनका कोई सुनवाई नही होता। हमारे यहां अगर पढ़े लिखे नौजवान हैं को आश्वासन दिलाता हूं जो रोजगार मुहैया हो मैं दिलाऊंगा और मैं फैक्ट्री प्रबंधन से आग्रह करूंगा यथाशक्ति जितना उनको जानकारी हो अगर नहीं जानते हो तो उनका प्रशिक्षण हो उनको अच्छा रोजगार देंगे और हमारे लाखा और चिराईपानी में जो भी दुख सुख हो उन सबमें सहभागी उद्योग प्रबंधन निभायेंगे। हम उद्योग के साथ हैं उद्योग हमारे साथ है हम सब मिलकर ही विकास कर सकते हैं। यहां विकास और विनाश दोनो होगा विकास ज्यादा करें विनाश कम करें। बात पर्यावरण की है तो ई.एस.पी. को चालू करें डस्ट न फैलायें इसके लिये पूरा गांव समर्थन है और आज विरोध कर रहें है तो केवल डस्ट के लिये विरोध कर रहें हैं। 29 जनसुनवाई में न समर्थन करने आयें हैं न विरोध करने। वे लोग गांव के किसान, युवा, महिला हैं आज तक 29 जनसुनवाई में न समर्थन करने आयें हैं न विरोध करने बंजारी मंदिर में आज आये तो उनका दुख तकलीफ और उनका 13 सूत्रीय मांग अगर पूरा हो जाता है तो वे लोग कभी विरोध नहीं करेंगे। उनको पैसे का लालच नहीं है क्योंकि केलो डूबान में सबको मुआवजा मिला है। हमारे यहां उद्योग आयेगा तो 35 वर्ष पहले केला डेम है 35 वर्ष से कोई उद्योग नहीं लगे लाखा पंचायत में पहला उद्योग है जो हमारे, वो भी लाखा में नहीं है हमारे आश्रित ग्राम चिराईपानी में लगा हुआ है क्योंकि लाखा का 600 एकड़ जमीन केलो जलाशय में है वहां केवल पानी है व मछली है। मछली से हमारा जीवन यापन चलेगा तो माननीय पीठासीन एव क्षेत्रीय अधिकारी महोदय से अनुरोध करता हूं वहां हमें नाव दें, हमें जाल दें। हमारे किसान और युवा भाई हैं वों अब मछुआरे का काम करें। किसानी नहीं हो सकता लाखा में क्योंकि किसी का जमीन नहीं बचा वहां पर जो भी बचा है 15, 10, 7 डिसमिल बचा है वो मकान बनाने के लिये है। मकान बना के निवासरत हैं। मैं वहां का माल गुजार गौंटिया हूं लेकिन मेरा जमीन उसमें डूबा तो मैं इस क्षेत्र में जमीन नहीं खरीदा क्योंकि मैं जान रहा था इस आस पास में उद्योग लग रहा है इसलिये मैं पुसौर ब्लॉक में जमीन जमीन खरीदा मैनें वहां पे धान, चावल, गोभी जो भी साग सब्जि जो भी खेती धान, गेहूं है वहां से मैं उत्पादन कर रहा हूं वहां से मैं उत्पादन कर रहा हूं। वहां से मेरा भरण पोषण हो रहा है मेरे को उद्योग से कोई विरोध नही है मैं उद्योग का समर्थन करता हूं। आज तक किसी उद्योग का विरोध नहीं किया सभी उद्योगों का समर्थन करता हूं। जय हिन्द, जय भारत, जय छत्तीसगढ़।

828. पंचराम मालाकार, तराईमाल – बहुत खुशी का बात है सुनील इस्पात द्वारा चिराईपानी और लाखा के बीच उद्योग लगाया जा रहा है जिसका विस्तार क्षमता अधिक से अधिक हो। मैं इनका भरपूर सहयोग करता हूं समर्थन करता हूं क्यों हमारे ग्राम तराईमाल के आस–पास 7–8 फैक्ट्रियां खुला हुआ है उनके सहयोग से मां बंजारी मंदिर का विकास जीर्णोद्धार अभी 25 लाख का बंजारी मंदिर में झांकियां बनाई जा रही है सब फैक्ट्रियां द्वारा ही सहयोग किया जा रहा है उन्ही के माध्यम से यहां विकास हो रहा है और हमारे ग्राम तराईमाल में सिंघल फैक्ट्री द्वारा श्मशान घाट का चारों तरफ बाउण्ड्रीवॉल करवाया गया है एवं नलवा द्वारा सीएसआर से हाई सेकेण्ड्री स्कूल का भवन चालू है एवं बी.एस. स्पंज द्वारा 45 लाख का हायर सेकेण्ड्री स्कूल बनवाया जा रहा है हमारे गांव में मात्र 5वीं तक ही स्कूल था धीरे–धीरे हम लोग के सहयोग से हायर सेकेण्ड्री 12वीं तक के बच्चे मध्ययन कर रहे हैं। मैं कलेक्टर महोदय से एवं पर्यावरण अधिकारी महोदय से अनुरोध करता हूं सड़क में जितने भी वाहन चलती है कोयला और डस्ट लेके जाते हैं उसमें

त्रिपाल ढकवाने का कृपा करें एवं ग्राम लाखा से बंजारी मंदिर तक रोड अबड़ खबड़ है कृपया शीघ्र उसे बनवाने का कष्ट करें। मैं सुनिल इस्पात का भरपूर समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

829. प्रकाश त्रिपाठी, रायगढ़ – आज मुझे इतनी जनसुनवाई होते हुये में सबसे बड़ी मुझे खुशी की बात यह हुई कि आज पहली बार समस्त जनता और अधिकारीगण भी श्री माताजी मां बंजारी के प्रथम द्वारा से होकर के माताजी के चरणों के दर्शन करते हुये इस जगह पर पहुंचे हैं इस बात का सबसे बड़ा मुझे सुख है और आईंदा भी मैं शासन प्रशासन से अनुरोध करूंगा की जब भी जनसुनवाई हो तो वो पिछले द्वार से नहीं प्रथम द्वार से हो। आज पहली बार प्रथम द्वार से जनसुनवाई का शुभ अवसर प्राप्त हुआ है। कहते हैं उद्योगों दरिद्र नाश्तेः जहां भी उद्योग या कामधंधा होगा वहां पर दरिद्र विनाश हो जायेगा। तो ये बड़ी खुशी की बात है कि हमारे क्षेत्र में जो सुनिल इस्पात जैसी प्लांट लगी है और अपना विस्तार कर रही है तो निश्चित ही इस क्षेत्र का विकास होगा और विकास होगा तो विनाश भी निश्चित है क्योंकि जिस तरह दिन है उसी तरह रात . है, सुख है तो दुख है तो उसका साथ लगा रहेगा तो मेरा फैक्ट्री प्रबंधन से निवेदन है कि वो वृद्धि के साथ में विनाश को कम करने का प्रयास करेंगें और हमारे क्षेत्र का, गांव का विकास ही विकास करने का प्रयास करेंगे और उनसे मेरा निवेदन है कि हमारा गांव एक ग्रामीण माने डूबा हुआ स्थान है पुर्नावास वाला जगह है हमारे यहां किसी के पास खेती पाती अन्य साधन नहीं है तो हम रोजगार पर ही आधारित हैं तो इसलिये हमारे क्षेत्र के युवाओं की जो आवाज है जो उनको काम की आवश्यकता है या जो कुछ किसान काम कर रहे हैं उनको जो परेशानी जा रही है डस्ट, धूल से उसको कम करेंगे और क्षेत्र में शिक्षा के प्रति विकास की व्यवस्था करेंगे और इन फैक्ट्रियों से प्रदूषण होने के साथ साथ बीमारियां बहुत बढ़ रही है तो फैक्ट्री प्रबंधन से निवेदन है कि वो स्वास्थ्य की विशेष व्यवस्था करेंगे जैसे एम्बुलेंस, कोई छोटा मोटा हॉस्पिटल इसकी व्यवस्था करेंगे और विकास की सबसे प्रथम सीढ़ी है रोड और आज रायगढ़ का रोड सबसे खराब है तो समस्त फैक्ट्री प्रबंधनों से निवेदन है कि वो रोड को सुधार करने की प्रथम व्यवस्था करें उससें उनका भी व्यापार बढ़ेगा और आम जनता भी प्रभावित नहीं होगी, एक्सीडेंट नहीं होगें जो अकाल मृत्यु हो रही है, अकाल मृत्यु एक का होता है लेकिन उसके पीछे 20 परिवार परेशान उससे बचाव होगा और हमारे के युवक लोग अपनी कुछ मांग रखें हैं उसमें जो उचित मांगें हों उनकी पूरा करने का हमारी फैक्ट्री प्रबंधन व्यवस्था करेगा मुझे आशा और उम्मीद है और हां एक बात और ये फैक्ट्रियों का नहीं मैं प्रशासन का विरोध कर रहा हूं कि हमारा लाखा को जो पुर्नावास में बैठाया गया है उसमें हमारे कलेक्टर महादेय या जो प्रशासनिक अधिकारी हैं उनकी गलती है क्यों फैक्ट्री तो पहले से स्थापित थी तो वो जानते थे इस लाखा में डस्ट होगी तो हमको उस जगह क्यों बैठाया गया हमें कोई अन्यत्र जगह बैठाया जाता तो मैं निवेदन करता हूं प्रशासन से कि हमारे लाखा को अन्यत्र विस्थापित करके उस जगह को पूरी सुनिल फैक्ट्री को दे दी जाये जिससे वो विकास करे खूब उन्नति करे इसी के साथ समय ज्यादा हो गया है मै अपनी बात फैक्ट्री प्रबंधन से मिलकर रख लूंगा मेरे घर की फैक्ट्री है मेरे गांव की फैक्ट्री है मतलब मेरे घर की फैक्ट्री है बाद में बात करूंगा। जय हिन्द, जय भारत, जय छत्तीसगढ़। बोलो बंजारी मैया की जय।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने कहा कि यदि कोई ग्रामीणजन, आस–पास के प्रभावित लोग अपना पक्ष रखने में छूट गये हो तो मंच के पास आ जाये। जनसुनवाई की प्रक्रिया चल रही है। उन्होने पुनः कहा कि कोई गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधी छूट गये हो तो वो आ जाये। इस जन सुनवाई के दौरान परियोजना के संबंध में बहुत सारे सुझाव, विचार, आपत्ति लिखित एवं मौखिक में आये है जिसके अभिलेखन की कार्यवाही की गई है। इसके बाद 05:20 बजे कंपनी के प्रतिनिधि/पर्यावरण कंसलटेंट को जनता द्वारा उठाये गये ज्वलंत मुद्दो तथा अन्य तथ्यों पर कंडिकावार तथ्यात्मक जानकारी/स्पष्टीकरण देने के लिये कहा गया।

कंपनी कंसलटेंट श्री सुधीर सिंह द्वारा बताया गया कि क्षमता विस्तार में जो प्रदूषण की बात हुई थी जिसके तहत ई.एस.पी. लगाया जायेगा, बैग फिल्टर लगाया जाना प्रस्तावित है, जल संरक्षण के लिये ऐयर कुल कंटेनर लगायेंगे। दूषित जल के लिये हरित पट्टिका में उपयोग करेंगे। कंपनी से किसी भी प्रकार का दूषित जल नहीं निकलेगा। हमारे द्वारा 38000 ईट बनाने के लिये मशीन लगाया जायेगा जो पॉवर प्लांट से फ्लाई ऐश निकलेगा से उपयोग में लाया जायेगा। क्षमता विस्तार में हरित पट्टिका का विकास किया जायेगा आने वाले समय में 5500 नग और वृक्षारोपण किया जायेगा जिससे डस्ट परिसर में ही रहे।

सुनवाई के दौरान 30 अभ्यावेदन प्रस्तुत किये गये तथा पूर्व में 05 अभ्यावेदन प्राप्त हुये है। संपूर्ण लोक सुनवाई की वीडियोग्राफी की गई। लोकसुनवाई का कार्यवाही विवरण क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा पढ़कर सुनाया गया। तत्पश्चात सायं 5:45 बजे धन्यवाद ज्ञापन के साथ लोकसुनवाई की समाप्ति की घोषणा की गई।

15/12/2021
(एस.के. वर्मा)
क्षेत्रीय अधिकारी
छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़

15/12/21
(आर.ए. कुरूवंशी)
अपर कलेक्टर
जिला–रायगढ़ (छ.ग.)